www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 336 । भोपाल, बुधवार, 6 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए


बदमाश ने कहा-हमारा भाई जीत गया, हफ्ता देना पड़ेगा और कर दिया हमला पृष्ठ 3

- सकारात्मकता का पाठ सिखाते मोदी
- इंडिया ब्लॉक को विधानसभा चुनाव नतीजों से उचित सबक लेना होगा पृष्ठ 4

- पटरियों के बीच में पड़ा रहा युवक, ऊपर से गुजर गई मालगाड़ी पृष्ठ 6

नए विधायकों में 89 प्रतिशत करोड़पति, सबसे अमीर-बुजुर्ग दोनों सूची में कमलनाथ पृष्ठ 8


सौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं

## आंध्र तट से टकराया मिचौंग तूफान, 12 की मौत

- 50 से ज्यादा उड़ाने व 100 से ज्यादा ट्रेनें हुई रद्द
- सबसे ज्यादा असर आंध्र प्रदेश व तमिलनाडु पर



**चेन्नई, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा तूफान मिचौंग मंगलवार दोपहर आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। मौसम विभाग के मुताबिक दोपहर ठीक 1 बजे तूफान बापटला में नेल्लोर–मछलीपट्टनम के बीच लैंडफॉल कर गया। लैंडफॉल के दौरान 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। अभी भी तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। तूफान अगले दो घंटे में कमजोर होकर आगे बढ़ जाएगा। तूफान का सबसे ज्यादा असर आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में है। दोनों राज्यों में 100 से ज्यादा ट्रेनें और 50 से ज्यादा उड़ाने कर दी गई हैं। आंध्र प्रदेश के कोस्टल एरिया से 9 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया। तमिलनाडु में तूफान की वजह से रविवार से भारी बारिश हो रही है। तमिलनाडु के मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में 2 दिनों के भीतर 3 महीने की बारिश हो गई है। चेन्नई शहर बारिश की वजह से डूब चुका है। 12 लोगों की मौत हो चुकी है।

### जलमग्न हुआ चेन्नई शहर

मिचौंग तूफान का असर तमिलनाडु पर सबसे ज्यादा रहा। 3 दिसंबर सुबह से अब तक चेन्नई में करीब 400–500 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। तमिलनाडु के वाटर सप्लाई मिनिस्टर के मुताबिक, शहर में 70–80 साल में पहली बार ऐसी बारिश हुई है। राज्य में एनडीआरएफ की 7 टीमें तैनात की गई हैं। इसके अलावा कोस्टल रीजन में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

कांग्रेस ने किया अधिकारिक ऐलान

## रेवंत रेड्डी होंगे तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री

- पार्टी विधायक दल के नेता चुने गए
- 7 को लेंगे शपथ, राहुल भी शामिल होंगे



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के अगले मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी होंगे। रेड्डी का शपथ ग्रहण समारोह 7 दिसंबर को होगा। इसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित कई नेता मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को कहा कि रेवंत रेड्डी पार्टी विधायक दल के नेता चुने गए हैं। उन्होंने पार्टी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, 'कांग्रेस विधायक दल की बैठक हैदराबाद में हुई। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार सहित अन्य नेता मीटिंग में शामिल हुए।

### सार-समाचार

#### न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 30-35 बार बैठ चुकी है समिति : तोमर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने मंगलवार को कहा कि कृषि उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने को कानूनी अधिकार का दर्जा दिए की संस्तुतियां देने संबंधी समिति की कार्यवाही चल रही है पर अभी इसकी रिपोर्ट नहीं मिली हैं। तोमर ने लोकसभा में प्रश्न काल में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी के प्रश्न के उत्तर में बताया कि इसके लिए समिति बनाई गई थी जिसकी 30–35 बैठकें हो चुकी हैं और रिर्पोर्ट की प्रतीक्षा है। उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार किसानों को उनकी उपज का सरकारी मूल्य कृषि लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत का मुनाफा जोड़कर निर्धारित किया जा रहा है।

#### संस्कृत संस्कृति की पहचान तथा प्रगति का आधार भी : मुर्मू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संस्कृत भाषा को देश की संस्कृति की पहचान तथा संवाहक बताते हुए आज कहा कि यह देश की प्रगति का भी आधार है। श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में कहा , संस्कृत हमारी संस्कृति की पहचान और संवाहक रही है। यह हमारे देश की प्रगति का आधार भी रही है। संस्कृत की व्याकरण इस भाषा को अद्वितीय वैज्ञानिक आधार देती है। यह मानवीय प्रतिभा की अनूठी उपलब्धि है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए।

#### राजस्थान की करनपुर सीट का 5 जनवरी को चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग ने राजस्थान विधानसभा के करनपुर निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव शुक्रवार पांच जनवरी 2024 को कराने की मंगलवार को घोषणा की। आयोग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, करनपुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना 12 दिसंबर को जारी की जायेगी और नामांकन पत्र 19 दिसंबर गुरुवार तक जारी किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 20 दिसम्बर को की जाएगी और नामांकन पत्र 22 दिसंबर तक वापस लिए जा सकेंगे।

#### श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या

**जयपुर, एजेंसी।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मंगलवार दोपहर जयपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने उनके घर के बाहर उन पर फायरिंग की और फरार हो गए। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को मेट्रो मास अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस फायरिंग में अजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय अजीत गोगामेडी के साथ थे।

#### पीडीपी ने जम्मू-कश्मीर में किया संसदीय बोर्ड का गठन

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने मंगलवार को वरिष्ठ नेता मोहम्मद सरताज मदनी को अध्यक्ष नामित करके अपने संसदीय बोर्ड का गठन किया। पीडीपी के एक प्रवक्ता ने कहा कि बोर्ड के सदस्यों में वरिष्ठ नेता अब्दुल रहमान वीरी, अब्दुल हामिद चौधरी, महबूब बेग, गुलाम नबी लोन और अमरीक सिंह रीन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय बोर्ड को चुनावी और संसदीय निर्णयों की देखरेख, अभियानों के प्रबंधन, चुनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को संभालने वाले कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि श्री मदनी की अध्यक्षता में बोर्ड अपने–अपने क्षेत्रों में पार्टी नेताओं के प्रदर्शन और अनुशासन संबंधी गतिविधियों की निगरानी करेगा, साथ ही संगठन के भीतर संसदीय मामलों को भी देखेगा।

#### असम में अपराध दर में काफी कमी आई है

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की नवीनतम रिपोर्ट ने असम में कुल अपराध में 2021 के बाद से करीब 50 प्रतिशत की कमी दिखाई है। सरमा ने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, असम में प्रति लाख लोगों पर अपराध दर 2021 में 341 और 2022 में 194 थी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि नवीनतम एनसीआरबी रिपोर्ट से पता चलता है कि 2021 के बाद से असम में कुल अपराध लगभग 50 प्रतिशत कम हो गया है। पारदर्शी भर्ती और स्मार्ट पुलिसिंग में निवेश में हमारे प्रयास सफल हो रहे हैं। हम तब तक आराम नहीं करेंगे जब तक असम अपराध मुक्त नहीं हो जाता।

मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण, सर्दी से बचाव के इंतजाम देखे

## रैन बसेरों में रहने वाले नागरिकों की सेहत की होगी जांच



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी के दो रैन बसेरों में नागरिकों के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने आज रात्रि पहले यादगार ए शाहजहांनी पार्क के पास स्थित रैन बसेरे पहुँचकर वहाँ की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यहाँ रह रहे नागरिकों से रहवास व्यवस्था और सर्दी से बचाव के लिए गरम कपड़ों की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। रैन बसेरा पहुँचने पर वहाँ के रहवासियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का मामा–मामा कह कर हर्ष–ध्वनि से स्वागत किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भोपाल शहर सहित प्रदेश के अन्य नगरों के रैन बसेरों में रह रहे नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था होगी। बड़े शहरों में कार्य के लिए आने वाले नागरिक दिन में व्यस्त रहते हैं इसलिए रात्रि के समय डॉक्टर्स टीम स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आएगी। सामान्य रोगों सहित गंभीर रोगों की पहचान होने पर उपचार की व्यवस्था जरूरी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रैन बसेरे के निकट अलाव और लकड़ियों का प्रबंध कर नागरिकों को शीत से बचाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह इस अवसर पर उपस्थित थे।

### गरम कपड़ों और भोजन व्यवस्था की जानकारी ली

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हमीदिया चिकित्सालय परिसर में स्थित रैन बसेरे का अवलोकन किया और नागरिकों के लिए बिस्तर, गरम कपड़ों और भोजन की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नागरिकों से बातचीत भी की। नरसिंहपुर जिले के श्री दलपत सिंह यादव और भोपाल के सोनू ने बताया कि उन्हें रैन बसेरे में जरूरी सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं। हमीदिया अस्पताल के इस रैन बसेरे में प्रेरणा सेवा ट्रस्ट से भी भोजन व्यवस्था में सहयोग प्राप्त होता है। कुल 66 बिस्तर क्षमता के रैन बसेरे में आज 23 नागरिक व्यवस्थाओं का लाभ ले रहे हैं।

### इनसे की चर्चा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सागर के भूपेंद्र साहू, होशंगाबाद के दशरथ प्रसाद, जबलपुर के दीपक, भोपाल के सुरेंद्र शर्मा और ललितपुर (उत्तरप्रदेश) के बाबूलाल कुशवाहा से चर्चा कर इंतजामों की जानकारी ली। यहां मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नागरिकों को उपलब्ध करवाए जा रहे भोजन को चख कर, गुणवत्ता भी देखी। रैन बसेरे में करीब 400 बिस्तर क्षमता है। आज यहाँ लगभग 200 नागरिक रह रहे हैं।

मध्यप्रदेश को लेकर सरर्मियां तेज , शाह और नड्डा से मिले वीडी शर्मा

## दिल्ली में डटे मुख्यमंत्री पद के दावेदार





**भोपाल, नई दिल्ली, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में भाजपा की जीत के बाद मुख्यमंत्री पद के ज्यादातर दावेदार दिल्ली में जा डटे हैं। हालांकि संसद सत्र भी दिल्ली में दावेदारों के डटे रहने की एक वजह है, लेकिन ज्यादातर उत्सुकता यही है कि मध्यप्रदेश का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पद के लिए स्वाभाविक और प्रबल दावेदार हैं, वहीं विधानसभा चुनाव में उतरे केन्द्रीय मंत्री और सांसदों में से अधिकांश मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल हैं।

केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव नतीजे के बाद शाम को ही दिल्ली रवाना हो गए थे। वहीं प्रह्लाद पटेल भी दो दिन से दिल्ली में ही हैं। बताया जाता है कि इन नेताओं ने पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की है। इसी बीच आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सांसद वीडी शर्मा ने भी दिल्ली में इन दोनों वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा की। समझा जा रहा है कि इस मेल–मुलाकात में प्रदेश के भावी नेतृत्व को लेकर मंथन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री पद को लेकर 2 राय उभरी हैं। एक राय यह है कि शिवराज को ही बनाना चाहिए कि उनकी लाड़ली बहना योजना की वजह से जबर्दस्त जीत मिली है। केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधियां ने भी प्रदेश में बड़ी जीत की वजह लाड़ली बहना योजना को माना है। वहीं इससे इतर जबकि कैलाश विजयवर्गीय का मानना है कि मोदी मैजिक की वजह से यह सफलता मिली, क्योंकि लाड़ली लक्ष्मी योजना छग और राजस्थान में लागू नहीं है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई है। इसके बाद शाह और नड्डा की मुलाकात भी हो चुकी है। प्रदेश के नेताओं से मुलाकात के बाद अब अगले 2–3 दिन में किया मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रह्लाद पटेल, भाजपा महासचिव कैलाश विजय वर्गीय और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री पद के दावेदार माने जाते हैं।

शिवराज का बड़ा बयान, कहा- पद की दौड़ में नहीं

### मैं दिल्ली नहीं जाऊंगा, कल छिंदवाड़ा जाऊंगा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा है कि वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं है। मैं दिल्ली नहीं जाऊंगा, कल बुधवार को छिंदवाड़ा जा रहा हूं। वहां हम विधानसभा की 7 में से एक भी सीट नहीं जीत पाए। हम चाहते हैं कि इस बार राज्य के सभी 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा की विजय हो और हम यह सभी सीटें पार्टी की झोली में डालकर नरेन्द्र मोदी जी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाएं। उनके इस बयान ने सियासी तौर पर हलचल मचा दी है। उन्होंने कहा है कि मैं मुख्यमंत्री की रेस में नहीं हूं, मैं न पहले मुख्यमंत्री पद का दावेदार था, न अब हूं। मैं सिर्फ पार्टी का कार्यकर्ता हूं और पार्टी जो भी पद या जिम्मेदारी देगी, मैं उसे निभाऊंगा। इस वीडियो में श्री चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना बताया और कहा है कि जो भी काम दिया जाएगा उसे अच्छी तरह से किया जाएगा।

राज्यपाल से मिले निर्वाचन आयोग के पदाधिकारी


## नवनिर्वाचित विधायकों की सूची सौंपी

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन और भारत निर्वाचन आयोग के सचिव अमित कुमार ने राजभवन में आज भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल को अधिकारी द्वय द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन–2023 के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों के नवनिर्वाचित विधायकों की अधिसूचना सौपी गई। राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आयोग के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। श्री पटेल को आयोग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, भारत निर्वाचन आयोग के अवर सचिव प्रफुल्ल अवस्थी, अधिकारी और पदाधिकारीगण मौजूद थे।



## बोरवेल में गिरी बच्ची, युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू





### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से ली जानकारी

**राजगढ़, देशबन्धु।** राजगढ़ जिले के एक खुले बोरवेल में 4 साल की मासूम बच्ची गड्ढे में गिर गई, जो भीतर जाकर फंस गई। मासूम को बोरवेल से निकालने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। घटना स्थल पर बचाव के लिए एडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी घटना पर संज्ञान लिया है। और अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए।

राजगढ़ के बोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पिपलिया रसोड़ा गांव में एक 4 साल की बालिका एक खुले बोर में गिर गई है। घटना की खबर मिलते ही जिला मुख्यालय से एसडीईआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। जबकि भोपाल से भी इसके लिए एसडीआरएफ की टीम रवाना हो गई। बोरवेल के भीतर से बच्ची के रोने की आवाज आ रही है। घटना के बारे में शुरुआती जानकारी सामने आई है कि बोरवेल में फंसी बच्ची का नाम माही है। वह पटाड़िया गांव की रहने वाली है। बच्ची अपने पिता रवि के साथ अपने मामा इंदर सिंह के घर पिपल्या रसोड़ा आई थी। यहां खेत में खेलते–खेलते वह बोर में गिर गई। फिलहाल बच्ची को बचाने के लिए तमाम प्रयास किस जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी व केन्या के राष्ट्रपति ने की बैठक

## भारत व केन्या वन संरक्षण के क्षेत्र में करेंगे सहयोग

### राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ पर लिया संकल्प



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत एवं केन्या ने अपने राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर पर्यावरण एवं वन संपदा के संरक्षण तथा स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में मिल कर काम करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्या के राष्ट्रपति विलियम सामोई रूतो के साथ यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये संकल्प लिए गए।

दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। श्री मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की विदेश नीति में अफ्रीका को हमेशा उच्च प्राथमिकता का स्थान दिया गया है। पिछले लगभग एक दशक में हमने मिशन मोड में अफ्रीका के साथ अपना सहयोग बढ़ाया है। इस वर्ष हम भारत और केन्या के राजनयिक संबंधों की साठवीं वर्षगांठ मना रहे हैं, किन्तु हमारे संबंधों का हजारों वर्ष पुराना इतिहास है। उन्होंने कहा कि भारत और केन्या के बीच आपसी व्यापार और निवेश में लगातार प्रगति हो रही है। हमारे आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए हम नए अवसरों की तलाश जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, भारत एवं केन्या, दो कृषि प्रधान अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, हम अपने अनुभव साझा करने पर सहमत हुए हैं। केन्या के कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए, हम 25 करोड़ डॉलर का ऋण प्रदान करने पर सहमत हुए हैं।

## सार समाचार

### काम से लौटी पत्नी से समय पर चाय बनाकर नहीं दी, पति ने की मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** शहर के कैंट थानांतर्गत फ्रेंडल कॉलोनी में पत्नी द्वारा पति को चाय बनाकर नहीं देने पर पति ने पत्नी से मारपीट कर दी। जिसे घायल अवस्था में परिजनों ने शहर की निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया ममता बाई पत्नी प्रेमनारायण कुशवाह ने अपने पिता रघुवीर सिंह के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह रात 8 बजे पगारा फैक्ट्री से काम करके अपने घर लौटी थी। तभी उसका पति प्रेमनारायण बोला कि चाय बनाकर दे। जिस पर पत्नी ने कहा कि थोड़ी देर से देती है। इसी बात पर पति ने गाली गलौंच कर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान पति ने पत्थर से महिला पर हमला कर दिया। जिससे उसके सिर एवं आंख के पास से चोटें आई है। जिसे घायल अवस्था में परिजनों ने शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी पति पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**पुरानी रंजिश पर युवक के साथ मारपीट :** इधर सिटी कोतवाली थानांतर्गत बलवंतनगर में एक युवक के साथ चार लोगों ने पुरानी रंजिश पर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विष्णु धाकड़ पिता दीवान सिंह निवासी सांईसिटी कॉलोनी मालपुर रोड गत दिवस अपने दोस्त पवन पाल के साथ बलवंत नगर गया था। यहां उसे अन्ना जाट, दीपांशु जाट, राज भार्गव एवं शुभम किरार मिले। जिन्होंने पुरानी रंजिश पर गाली लगौंच कर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने लकड़ी की पटिया से हमला कर दिया। जिसमें फरियादी के सिर में चोट लगकर खून निकल आया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### आचार संहिता हटी, जनसुनवाई हुई शुरू, लेकिन पसरा रहा सन्नाटा

**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2023 की आचार संहिता समाप्त हो गई। एक हफ्ते बाद लोगों को थानों से अपने शस्त्र फिर से वापस मिल सकेंगे। लाइसेंस नवीनीकरण भी हो सकेंगे। इसके अलावा कलेक्ट्रेट में जनता के काम भी शुरू हो सकेंगे। क्योंकि चुनाव में अधिकारी व्यस्त थे, जिसके चलते अधिकारी जन को भूल गए थे। कलेक्ट्रेट में छोटे-छोटे काम रुके हुए थे। आचार संहिता की बंदिशें खत्म होने के बाद काम शुरू हो सकेंगे। पोर्टल भी बंद थे। दरअसल विधानसभा चुनाव 2023 के लिए नौ अक्टूबर को चुनाव आचार संहिता लग गई थी।

चुनाव आचार संहिता लगने के बाद कलेक्ट्रेट के अधिकारी व्यस्तता हो गए। आम लोग अपनी समस्याएं लेकर जा रहे थे, लेकिन अधिकारी नहीं मिल रहे थे। इस वजह से लोग सीएम हेल्पलाइन पर अपनी शिकायतें दर्ज कर रहे थे। इसके अलावा लोगों की समस्या व कामों की पेडेंसी को लेकर बैठकें बंद हो गई थीं। मैदानी अधिकारियों ने काम नहीं किए। अब आचार संहिता खत्म होने पर अधिकारी अपने रुटीन कार्य कर सकेंगे।

#### पत्थरों से कुचलकर की गई थी हत्या

# बड़कुला में मिले महिला के शव की हुई शिनाख्त

**गुना, देशबन्धु।** जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत ग्राम बडकुला के हार स्थित नाले में मिले अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त ग्राम खेरखेड़ी थाना नजीराबाद भोपाल के रूप में हुई थी। महिला पखवाड़ेभर पहले उधारी के पैसे लेने के लिए ग्राम कानेर की तरफ निकली थी। जिसके बाद वह लौटी नहीं थी। विगत दिवस उनका क्षत विक्षप्त शव नाले के पास पड़ा मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल के ग्राम खेरखेड़ी निवासी सुखियाबाई पत्नी स्व. किशनलाल लोधी आयु 50 वर्ष विगत 20 नवंबर को ग्राम कानेर में उधारी के पैसे लेने गई थी। तभी से घर नहीं लौटी। इस दौरान वह अपने साथ ले गई मोबाईल भी बंद मिला। जिस पर परिजनों ने 23 नवंबर को नजीराबाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इधर 2 नवंबर को जिले की चांचौड़ा थानांतर्गत ग्राम बडकुला के हार में नाले के पास अज्ञात महिला का शव पुलिस को मिला। जिसे पुलिस ने बरामद कर जिला अस्पताल के पीएम हाउस भिजवाया। मामले में पुलिस ने जांच शुरू की तो नजीराबाद थाने में दर्ज गुमशुदगी का लिंक जुड़ी। जिसके बाद पुलिस ने संबंधित गुमशुदा महिलाके परिजनों से संपर्क किया और उनकी बेटी तथा भाई को शिनाख्ती के लिए गुना लाया।

जहां बेटी ने अपनी मां के रूप में शव की शिनाख्त की। पुलिस के अनुसार बुरी तरह सड़ा गला था एवं पत्थरों के नीचे दबा था। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लगने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर धारा 302, 201 के तहत मामला दर्ज किया है।

### अपहृत नाबालिग को पुलिस ने किया दस्तयाब

**गुना, देशबन्धु।** जिले कर कुंभराज पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित नाबालिग बालिका के पिता द्वारा कुंभराज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया गया था कि 28 अक्टूबर की शाम से उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कंही चली गई है। जिसे उसने सभी संभावित जगहों पर तलाश कर लिया है लेकिन उसका कहीं कोई पता नही चल पा रहा है, जिसकी रिपोर्ट पर से कुंभराज थाने में अपराध क्रमांक 302/23 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था। उक्त मामले में पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग किशोरी की सरगर्मी से तलाश की गई और इसमें विभिन्न तकनीकि संसाधनों की मदद से कड़ी से कड़ी मिलाकर अपहृता की तलाश में निरंतर दविशें दीं गई। जिसके परिणाम स्वरुप प्रकरण में अपहृत किशोरी के संबंध में मंगलवार को प्राप्त सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही की।

# कार ने मोटरसाईकिल सवार मां-बेटे को रौंदा

▶ लक्ष्मीगंज में खड़ी कार में मारी टक्कर

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत महावीरपुरा ओवर ब्रिज पर बाईक सवार मां-बेटे को एक कार चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें वह दोनों घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर कार चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया बबली बाई पत्नी कोमल सिंह पारदी निवासी खेजराचक ने बताया कि वह अपने लडके युवराज सिंह के साथ मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08 एमएल 1133 से अपने गांव से गुना आ रही थी। जैसे ही वह महावीरपुरा ओवर ब्रिज पहुंची तो कार क्रमांक एमपी 67-1961 के चालक ने गाड़ी को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक मोड़ते हुए उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गई। घटना को अंजाम देकर कार चालक भाग गया। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर कार चालक पर मामला दर्ज किया है।

इधर सिटी कोतवाली थानांतर्गत ही मानस भवन के सामने कार को साईड में लगाकर दूध पी रहे व्यक्ति की कार में सामने से एक अन्य कार ने टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल सोनी निवासी सदर बाजार राघौगढ़ गत दिवस अपनी कार क्रमांक एमपी 09 डीसी 8523 से गुना आए थे।

यहां वह मानस भवन के पास अपनी कार को खड़ी करके दूध पी रहे थे। तभी कार क्रमांक एमपी 35 सीए 1267 के चालक ने अपनी कार को तेजी एवं लापरवाही से चलाकर सामने से टक्कर मार दी। जिसमें उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर कार चालक पर मामला दर्ज किया है।

# कस्तूरबा कॉलेज में शुरू हुआ जिला स्तरीय युवा उत्सव




**गुना, देशबन्धु।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन प्राचार्य विनीता जैन के निर्देशन में युवा उत्सव प्रभारी पूनम पारीक के संयोजन में किया गया। उद्घाटन सत्र में सेवानिवृत्ति प्राध्यापक एवं इतिहासविद एसी दहीभाते एवं अनुविभागीय अधिकारी अशोक त्रिवेदी ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात प्राचार्य विनीता जैन के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों के द्वारा छात्र एवं छात्राओं को आशीर्वचन दिए गए एवं उन्हें प्रोत्साहन एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूनम पारीक ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि तीन दिवसीय युवा उत्सव में 22 विद्याओं में प्रतिभागी अपनी प्रस्तुति देंगे।

पहले स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को अगले स्तर पर अर्न्तजिला स्तरीय प्रतियोगिता में (विश्वविद्यालय स्तर) चयन किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस रंगोली, कोलाज, एकल गायन, समूह गायन भारतीय शैली एकल गायन, पाश्चात्य, समूह गायन पाश्चात्य वादन परकुशन, वादन नॉन परकुशन समूह नृत्य लोक नृत्य आदि विधाओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में क्षितिज कोकाटे, रिया जैन, मेघा जैन, आकृति जैन, शारदा शर्मा, वीरेंद्र ठाकुर, अश्विनी शहडोलकर ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के दल प्रभारी के रूप में वीएस मीणा, सोनू जैन, गोरेलाल बिसोरिया, संतोष साहू, मंजू शर्मा, दीप्ति श्रीवास्तव, किरण तोमर आदि उपस्थित रहे।

### सीईआईआर पोर्टल पर करें चोरी गए मोबाईल की शिकायत

**गुना, देशबन्धु।** सीईआईआर भारत सरकार का एक पोर्टल है जो खोये, चोरी हुए मोबाइल उपकरणों का पता लगाने या ब्लॉक करने की सुविधा प्रदान करता है, ताकि खोए, चोरी हुए मोबाईल का कोई गलत उपयोग नहीं कर सके। जैसे ही खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन का उपयोग करता है, तो इस पोर्टल के माध्यम से मोबाईल में उपयोग होने वाले नंबर का पता चल जाता है। अपना मोबाइल फोन मिल जाने के बाद मोबाईल धारक द्वारा अपने मोबाईल का उपयोग करने के लिए पूर्व में किये गये ब्लॉक को पोर्टल पर जाकर अन ब्लॉक किया जा सकता है। मोबाइल के संबंध में मोबाईल मालिक पोर्टल पर जाकर नीचे अंकित लिंक पर क्लिक कर फॉर्म भरकर अपने मोबाइल डिवाइस को ब्लॉक या अन ब्लॉक या अनुरोध की स्थिति की जाँच कर सकते हैं। इस बारे में एसपी विजय कुमार खत्री द्वारा बताया कि उपरोक्त संबंध में जिले के सभी थानों को उपरोक्तानुसार कार्यवाही हेतु इस कार्यालय से निर्देश जारी किये गये हैं। यदि किसी का मोबाईल खो जाता है अथवा चोरी हो जाता है तो अपने स्थानीय थाने पर जाकर सीईआईआर पोर्टल पर अपने खोये, चोरी हुए मोबाईल की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत के दौरान पोर्टल पर भरे जाने वाले आवेदन फॉर्म में आपके खोये, चोरी मोबाईल में डली हुई सिम का नंबर अंकित किया जाता है और जब भी आपका खोया, चोरी हुए मोबाईल के उपयोग हेतु किसी के भी द्वारा मोबाईल में कोई सिम डाली जावेगी तो उस सिम का नंबर व उसके उपयोगकर्ता की जानकारी पोर्टल पर फरियादी द्वारा अंकित कराये गये उसके मोबाईल नंबर पर मैसेज के माध्यम से प्राप्त हो जावेगी। इस जानकारी के प्राप्त होते ही आपको अपने स्थानीय थाने पर पहुंचकर अपने खोये, चोरी हुए मोबाईल के संबंध में आपके नंबर पर प्राप्त मैसेज की जानकारी पुलिस को देना होगा । इसके बाद पुलिस द्वारा उक्त मोबाईल के उपयोगकर्ता व्यक्ति की तलाश कर आपका खोया, चोरी हुऐ मोबाईल को उस व्यक्ति से प्राप्त कर लिया जावेगा और इसकी जानकारी संबंधित फरियादी को देकर आपका खोया, चोरी हुआ मोबाइल वापस लौटा दिया जावेगा।

# भारी पड़ा जमीन देना, बटियादार ने फसल बेचकर पैसे हड़पे



**गुना, देशबन्धु।** फतेहगढ़ थानांतर्गत ग्राम मगरोडा में बटिया से जमीन देना एक जमीन मालिक को भारी पड़ा। फसल की पूरी लागत का खर्चा उठाने के बावजूद बटियादार ने पूरी फसल बेचकर पैसे हड़प लिए। इस संबंध में फरियादी ने कई बार थाने में शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मंगलवार को पीड़ित जनसुनवाई में पहुंचा।

यहां जनसुनवाई में आवेदन देकर पीड़ित ने फसल की आधी कीमत दिलाने की मांग की। दरअसल मामले के अनुसार लक्ष्मीपुरा मगरोडा निवासी प्रार्थी मनदीप सिंह पिता जसवंत सिंह ने अपनी जमीन लक्ष्मीनारायण मीना को पांती (बटिया) से दे दखी थी। जिसमें फसल का आधा-आधा हिस्सा करना था। लेकिन लक्ष्मीनारायण ने फसल बेचकर अकेले ही सारे पैसे रख लिए और अब प्रार्थी को पैसों में हिस्सा नहीं दे रहा। जबकि फसल की सारी लागत 40 हजार रुपए प्रार्थी ने लगाई थी। यहीं नहीं गांव के आधा दर्जन से अधिक लोागें के सामने पूरा सौदा हुआ था। आरोपी द्वारा पूरी फसल बेचकर पूरा पैसा हड़प लिया गया। फरियादी द्वारा कई बार उससे पैसे मांगे तो आरोपी ने पैसे देने से साफ मना करते हुए कहा कि पैसे नहीं दूंगा, थाने में जाऊंगे तो 5-10 हजार रुपए देकर मामला रफा-दफा कर दूंगा।

# भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर ने लहराई जीत की पताका







**आष्टा, देशबन्धु।** विधानसभा आष्टा की राजनीति के चर्चे प्रदेश भर में एक अनोखें अंदाज में लिये जाते है क्योकि इस बार के विधानसभा चुनाव में जिस तरह से भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिह इंजीनियर ने कमल सिंह चौहान को राजनितिक क्षेत्र में भारी मतो से चुनाव जीता है। क्योकि पिछले तीन चुनाव में गोपाल सिंह इंजीनियर कांग्रेस से चुनाव लड़े थे उन्हे प्रजातात्रिक समाधान पार्टी के प्रत्याशी रहे कमल सिंह चौहान के कारण ही हारना पडा था। इस बार गोपाल सिंह इंजीनियर कांग्रेस छोड भाजपा में आ गए और वर्तमान विधायक रघुनाथ मालवीय को मात देते हुए भाजपा से टिकट लाकर चुनाव लडे और इस बार उनके सामने वह प्रत्याशी था जो कि पिछले तीन बार प्रजातांत्रिक पार्टी से लड़कर गोपाल सिंह की हार का कारण बने थे। इस बार प्रजातांत्रिक पार्टी से कांग्रेस में आये कमल सिंह चौहान से सीधा मुकाबला गोपाल सिंह इजीनियर से था एक तरह से राजनितिक क्षेत्र में गोपाल सिंह इंजीनियर ने कमल सिंह चौहान को हरा कर राजनितिक बदला लिया।

जीत के बाद गोपाल सिंह इंजीनियर अपने सेकडो कार्यक्रताओ के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान के निवास पहुचे जहा उन्होने सीएम का आभार मानते हुए पुष्प गुच्छ भेट करते हुए उनका स्वागत किया। गोपाल सिह इंजीनियर का तीन दिन से लगातार स्वागत संस्कार हो रहा है क्योकि जिस तरह से गोपाल सिह ऐतिहासिक जीत का रिकार्ड बनाया है पियुषे श्रीवास्तव, उदधान धारवा, सक्षम श्रीवास्तव आदि से स्वगत किया।

भाजपा से रिकार्ड मत जीत हासिल करने के बाद गोपाल सिंह इंजीनियर के समर्थन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत करने के लिए भाजपा महिला मण्डल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वागत करने वालो में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति कृष्णा इंजीनियर, नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुवंर मेवाडा, डॉ सुरूचि सिंह, महिला जिला अध्यक्ष रितु जैन, संध्या बजाज, अंजली चौरासिया, रूपली चौरासिया, प्रिया खण्डेलवाल, पार्षद लता तेजपाल मुकाती, विनिता, निलिमा, चंदा बोहरा, गिरजा कुशवाह, राजू प्रजापति, तनु वर्मा, पूजा परिहार सहित बडी संख्या में महिला उपस्थित थी।

### चौहान ने कहा - मुस्लिम मतदाताओं ने पलटी बाजी

**आष्टा, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान की हार की समीक्षा में जो कारण सामने आए उनमें प्रमुख रूप से अल्पसंख्यकों के एकमुश्त वोट भाजपा में जाना भी प्रमुख रूप से शामिल है।

कांग्रेस प्रत्याशी श्री चौहान पिछली बार प्रजातांत्रिक समाधान पार्टी से लगभग 17 हजार वोट लाए थे। यही से जीत सुनिश्चित करके चल रहे थे। जिसके कारण अन्य समाज का वोटबैंक भाजपा मे चला गया। अतिउत्साहित होने के कारण स्वयं के बलबूते पर ही पूरा चुनाव केंद्रित रहा। कांग्रेस के किसी बड़े नेता ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष मे सभा नही करवाई। पूर्व मे किए गए नारेबाजी और आंदोलन सामान्य वर्गो को टारगेट किया था। एक कारण यह भी प्रमुख है कि कुछ कांग्रेसी और उम्मीदवारो ने भी ईमानदारी से कार्य नही किया। ऐसे कई कारण रहे जिसके कारण कमलसिंह चौहान को हार का मुंह देखना पड़ा।

### मोटरसाईकिल सवार चाचा-भतीजे को कार चालक ने मारी टक्कर

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा थानांतर्गत ग्राम पैंची के पास से दो मोटर सायकिल सवार चाचा-भतीजे को कार चालक ने टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी नाहरड्क्षसह तंवर ने बताया कि विगत दिवस वह अपनी मोटर सायकिल से बीनागंज आ रहे थे। तभी पैंची के पास पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 04-4820 ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उन्हें टक्कर मार दी।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में आये 37 आवेदन

**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 से संबंधित आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 05 दिसम्बर से जनसुनवाई प्रारंभ कर दी गयी है। जिसके तहत आज जिला कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन कर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रथम कौशिक द्वारा आवेदकों से व्यक्तिश- चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी एवं उनके समुचित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आज जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान समय सीमा से संबंधित 03, राजस्व विभाग से संबंधित 10, पुलिस विभाग से संबंधित 07, जिला पंचायत/ जनपद पंचायत से संबंधित 02, नगरपालिका से संबंधित 06 एवं अन्य 09 आवेदन प्राप्त हुए। जिनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। आज जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# साप्ताहिक समय सीमा बैठक में लंबित प्रकरणों से की समीक्षा



**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिपं सीईओ प्रथम कौशिक, एडीएम मुकेश कुमार शर्मा, समस्त एसडीएम सहित समस्त जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम समय सीमा के लंबित पत्रों की बिंदुवार समीक्षा की गयी और निराकरण करने के निर्देश दिये गये। सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं भूमि आवंटन के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करावें, विशेष रूप से जल जीवन मिशन से संबंधित लंबित भूमि आवंटन के प्रकरणों के निराकरण जल निगम से समन्वय कर तत्काल निराकृत करावें। सभी राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ऐसे विभाग जिन्हें भूमि आवंटित किया जाना है और जिन्होंने विधिवत आवेदन कर दिया है उन प्रकरणों में भूमि चिन्हित कर आवंटन की कार्यवाही प्रारंभ करें। इसी प्रकार 18 वर्ष से अधिक ऐसे युवा जिनके आधार एवं ई-केवायसी लिंकिंग में समस्या आ रही है उनका सत्यापन कराएं और इससे संबंधित टीम का प्रशिक्षण भी कराया जावे। बैठक के दौरान ऊर्जा विभाग को निर्देशित किया गया कि ऐसे आंगनबाडी केंद्र जिनमें अभी तक विद्युत कनेक्शन नही हो पाया है, उनके विद्युत कनेक्शन की कार्यवाही शीघ्र की जावे।

सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार सुनिश्चित करें कि किसान सम्मान निधि से संबंधित लंबित प्रकरणों के खातों का आधार सीडिंग, ई-केवायसी आदि सत्यापन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिता से लेवें और इसकी सतत मॉनिटरिंग करें। श्रम विभाग द्वारा समय सीमा के लंबित पत्रों का निराकरण करने में विलंब करने पर नाराजगी व्यक्त की गयी और शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार सभी विभाग प्रमुख कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण समय सीमा में तैयार कर जिला पेंशन अधिकारी को प्रस्तुत किये जायें।

**सीएम हेल्प लाईन से संबंधित लंबित प्रकरणों का सर्वोच्च प्राथमिता से करें निराकरण :** सीएम हेल्प लाईन से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिता दी जावे। इस सप्ताह कम से कम एक तिहाई प्रकरणों का निराकरण सोमवार तक करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार जाति प्रमाण पत्र एवं राहत के प्रकरणों को तत्परता से निराकरण करावें। सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार खाद्य वितरण केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग करें। सभी राजस्व अधिकारी राजस्व वसूली के लिए प्लान तैयार कर वसूली कार्यवाही प्रारंभ करें। विधानसभा निर्वाचन से संबंधित आदर्श आचार संहिता अब समाप्त हो गयी है। सभी विभाग शासन की फ्लेगशिप योजनाओं एवं विभाग से संबंधित हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं लंबित पुराने प्रकरणों के निराकरण पर फोकस करें।

#### कोतवाली पुलिस ने किया माल बरामद

# धरे गए इलेक्ट्रिकल्स की गोदाम में सेंधमारी करने वाले 2 चोर

*गुना, देशबन्धु। शहर के बीचों बीच हाट रोड स्थित इलेक्ट्रीकल्स सामान की गोदाम से हुई चोरी के मामले में पुलिस ने 2 आरोपी गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद किया है। दरअसल 2-3 दिसंबर की दरम्यानी रात फरियादी पीयूष पुत्र ओमप्रकाश गोयल निवासी हाट रोड की पशु चिकित्सालय के पास स्थित ओम इलेक्ट्रीकल्स की दुकान में चोरों ने सेंधमारी की थी। यहां उनकी दुकान के ऊपर ही दूसरी मंजिल पर उसकी गोदाम है। गत सुबह उसने अपनी गोदाम में जाकर देखा तो गोदाम से पानी गर्म करने की कुछ रॉड, रुम हीटर एवं पंखे गायब थे । इसके बाद उसने गोदाम में लगे सीसीटीव्ही कैमरे चेक किए तो 2-3 दिसंबर की रात में दो अज्ञात व्यक्ति शटर के नीचे से गोदाम में घुसते हुए और बोरों में सामान भरकर ले जाते हुए देखे जा रहे हैं। जिसकी रिपोर्ट पर से गुना कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 1023/23 धारा 457, 380 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था ।*



*इस मामले में पुलिस ने सीसीटीव्ही कैमरों एवं मुखबिर की मदद से आरोपियों की पहचान की। पुलिस द्वारा शीघ्र ही उक्त चोरी को अंजाम देने वाले दोनों अज्ञात आरोपियों की पतारसी सोनू बागडी निवासी पुरानी छावनी गुना एवं तुलसीराम बाल्मीक निवासी रेलवे कॉलोनी के पास गुना के रूप में की गई। आरोपियों की तलाश के क्रम में गत शाम को ही उक्त दोनों आरोपियों के पुरानी गल्ला मंडी में हनुमान मंदिर के पास उनके द्वारा चोरी किया गया इलेक्ट्रिक सामान बेचने के लिए घूमे जाने की जानकारी मिलने पर पुलिस की एक टीम तत्काल पुरानी गल्ला मंडी पहुंची। जहां से घेराबंदी कर संदेही दोनों आरोपियों सोनू पुत्र पप्पू उर्फ कृष्णपाल बागडी निवासी पुरानी छावनी एवं तुलसीराम पुत्र प्रकाश बाल्मीक निवासी रेलवे कॉलोनी के पास गुना को हिरासत में लिया। जिनसे उक्त चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें उनके दो अन्य साथियों द्वारा बताया था कि उनके द्वारा हाट रोड पर ओम इलेक्ट्रिकल की गोदाम से कुछ पंखे, रुम हीटर व पानी गर्म करने की रॉड चोरी की गई थी तुम भी चाहो तो चोरी कर लो और 2-3 दिसंबर की रात को वह दोनों भी उस गोदाम में गए और गोदाम से पानी गर्म करने की रॉड, पंखे, रुम हीटर की चोरी की गई थी एवं उनके अन्य दो साथियों द्वारा चोरी किया गया सामान उनके पास ही है ।*

*पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों के कब्जे से 01 पंखा, 02 रुम हीटर व 18 पानी गर्म करने की रॉड बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया है । प्रकरण में फरार शेष दोनों आरोपियों की भी पुलिस द्वारा पहचान कर ली गई है, जिनके पीछे पुलिस टीम सघनता से लगी हुई है और जिन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर जिनके द्वारा चोरी किया सामान बरामद किया जावेगा। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई अनूप कुमार भार्गव, असगर खान, हरवीर धाकड एवं शंकर पटेलिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।*

# बदमाश ने कहा-हमारा भाई जीत गया, हफ्ता देना पड़ेगा और कर दिया हमला

**भोपाल, देशबन्धु।** शाहजहांनाबाद इलाके में एक बदमाश ने एक कारोबारी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। यह देख राहगीरों ने बीच बचाव किया तो बदमाश ने उन पर हमला कर दिया। इस घटनाक्रम में कारोबारी सहित 4 लोग घायल हुए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शरु कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुंसार भगवानदास ढालिया की शाहजहांनाबाद स्थित मिलिट्री गेट के पास बैग व सूटकेश की दुकान है। मंगलवार सुबह वह अपनी दुकान खोल रहे थे। इसी दौरान बदमाश गोलू राठौर आया और शराब के लिए रुपए मांगने लगा। उसका कहना है कि भाई जीत गया है, अब हफ्तार देना पड़ेगा। इसके बाद भी कारोबारी ने रुपए देने से इंकार कर दिया तो बदमाश ने कारोबारी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। यह देख राहगीर मोनू राठौर, मोनू प्रजापति और भूषण बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपी ने उन्हें भी घायल कर दिया और फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पहुंचाया।



भोपाल जोन 3 के डीसीपी रियाज इकबाल ने बताया कि घटनाक्रम में 4 लोग घायल हुए हैं। आरोपी भिंड के रहने वाले एक आरोपी गोलू की पहचान हो चुकी है। वह लंबे समय से भोपाल में रह रहा है। उसने शराब के नशे में चाकू से हमला किया है। चूंकि कारोबारी का कहना है वह रुपयों की मांग भी कर रहा था। लिहाजा आरोपी के खिलाफ धारा 307 और 327 के तहत प्रकरण दर्ज किया है और उसकी तलाश की जा रही है।

बताया गया है कि बदमाश ने जिस कारोबारी पर हमला किया है वह भाजपा से जुड़ा है। इसके चलते घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ता दोपहर 12 इकबाल मैदान में एकत्रित हो गए। उन्होंने डेढ़ घंटे तक प्रदर्शन कर जाम लगा दिया। इसके बाद भोपाल उत्तर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे आलोक शर्मा के साथ कार्यकर्ता शाहजहांनाबाद थाने पहुंचे और थाने के द्वार के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान आलोक शर्मा ने कहा हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ता भगवान दास ढालिया पर जानलेवा हमला हुआ है। आरोपी ने यह कहते हुए हमला किया था कि हमारा भाई जीत गया है, अब हफ्ता देना पड़ेगा।

### अब 11 बजे सब बंद होगा: शर्मा

श्री शर्मा ने कहा- पिछले 8 दिन से लगातार कांग्रेस के कतिपय नेताओं के इशारों पर शहर की फ़िज़ा बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं पर धारदार हथियारों से हमले हो रहे हैं। यह हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा सरकार में पुराने भोपाल में गुंडे बदमाशों का कोई स्थान नहीं रहेगा। वहां कानून का पालन नहीं हो रहा है। लक्ष्मी टॉकीज, इमामी गेट और काजी कैंप सुबह 4 बजे तक खुला रहता है। लेकिन अब इसे भी रात 11 बजे बंद करवाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर आशीष सिंह से भी बात की है।

# टेंट कारोबारी पर हमला करने वाले 3 गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** एक टेंट कारोबारी पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला करने का मामला में अब पुलिस ने तीन बदमाशों को पकड़ लिया है। इसके अलावा तीन की तलाश जारी हैं। इस बात का खुलासा डीसीपी जोन-3 रियाज इकबाल ने किया।



श्री इकबाल ने बताया कि आरोपी सेंट्रो गाड़ी में मौके पर आए थे। लिहाजा कई सीसीटीवी कैमरे तलाशने के बाद इनकी तस्वीरों में एक सेन्ट्रों कार नंबर एमपी 04-9287 मौके से भागते हुए नजर आई, जिसकी टीम द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी। इस बीच मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि आहद नूर पिता मोहम्मद शब्बीर उम्र- 30साल जो बैंक कालोनी जंहागीराबाद में निवास करता है को कार को चलाते हुये देखा गया है, जो वर्तमान में गौतम नगर मैदान पर खड़ा हुआ है। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ा। उसने पूछताछ में घटना में शामिल होना स्वीकार किया और फिर उसकी निशानदेही पर पुलिस ने कासिफ ऊर्फ समीर उद्दीन पिता वसीम फारूकी उम्र-30साल निवासी पोस्ट ऑफिस के पीछे पठारवाली गली नूरमहल रोड, जमील खान पिता खलील खान उम्र-31साल निवासी नगर निगम कालोनी नारियलखेडा थाना गौतम नगर हिरासत में लिया। वहीं आमिर उर्फ वर्फ पिता प्यारे मियां उम्र 34 साल निवासी ओल्ड एमएलबी कॉलेज रोड बुधवारा, फैजान उर्फ काला पिता रमजान उम्र-25 साल निवासी गौतम नगर नसीम पिता बन्ने खॉ निवासी-हाउसिंग बोर्ड कालोनी करोंद की तलाश जारी हैं।

### सुपारी देकर करवाया था हमला

तलैया थाना पुलिस की मानें तो यह सभी आरोपी कुछ दिन पहले पीरगेट के पास चाय पीने के लिए मिले थे, जहां आमिर उर्फ बर्फ ने काम होने के बाद इन्हें दो लाख रुपए देने की बात कही थी। वहीं पुलिस ने इस मामले में लॉरेंस बिशनोई व किसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के शामिल होने की बात को नकारा है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने धमकी देने के लिए फोन अथवा संदेश में यह बात कही थी। उल्लेखनीय है कि 3 दिसंबर को बुधवारा चौराहा स्थित टैंट हाउस कारोबारी नवाज रियाज पर बदमाशों ने 5 गोलियां दागने के साथ ही तलवार से हमला किया था।

### यह है विवाद की वजह

रियाज इकबाल ने बताया कि अमिर उर्फ बर्फ ने बुधवारा चौराहा स्थित दुकान के लिए दुकान मालिक को कुछ पैसा एडवांस दिया था। जिसके बाद दुकान नवाज रियाज ने खरीद ली। वहीं पुराने दुकान मालिक अब मौजूद नहीं हैं। आमिर लगातार नवास से अपने पुराने पैसे वापस मांग रहा था, जिसके बाद विवाद बड़ गया और इस घटना को अंजाम दिया गया।

# स्कूली विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी

**भोपाल, देशबन्धु।** सीएम राइस स्कूल निशातपुरा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं जिला न्यायाधीश एस.पीएस बुंदेला के निर्देशन में यह शिविर लगाया गया था। इस अवसर पर एडवोकेट सुधीर दुबे, प्राचार्य आरसी जैन एवं उप्राचार्य श्रीमती सुनीता चोलकर उपस्थित हुए ।

शिविर में सर्वप्रथम एडवोकेट श्री दुबे ने सायबर सिक्योरिटी, चाइल्ड सैक्सुअल एब्यूज एवं वायलेंस अगेंस्ट चिल्ड्रन विषय पर जानकारी दी एवं विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अपने विधिक अनुभव साझा करते हुए महत्वपूर्ण विधिक विषयों को बताया। इसके पश्चात जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह द्वारा बाल अधिकार, पाक्सो कानून, गुड टच - बेड टच, मोटर व्हीकल एक्ट, लाइसेंस का महत्व, विधिक सेवा प्राधिकरण के महत्व एवं उदेश्य के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही छात्र छात्राओं को भारतीय सविधान के मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। विद्यार्थियों को तथा आम जीवन में आने वाली समस्याओं एवं उनके विधिक हल के बारे में समझाया गया। तथा छात्र छात्राओं के साथ हो रहे अपराध को देखते हुये बताया गया कि यदि कोई अपराधी किसी छात्र-छात्रा को परेशान करें तो तुरंत इसकी शिकायत पुलिस थाने में करें एवं अपने शिक्षक या माता-पिता को बताएं, इसे छुपाए नहीं। उक्त शिविर में संबंधित विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

युवक की हत्या कर दफना दिया था शव

# मां बोली- आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाओ, उन्हें फांसी मिले

**भोपाल, देशबन्धु।** मेरे बेटे को इंसाफ चाहिए...। उसे मुंह में कपड़ा ठूंसकर मारा। सरकार आरोपियों को ढूंढकर उन्हें सजा दें। जिन्होंने उसे मारा उन्हें फांसी या उम्रकैद की सजा हो। तभी मेरी आत्मा को तसल्ली मिलेगी। मुख्यमंत्री आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाएं। उन्हें गांव में नहीं रहने दिया जाएज्।

यह दर्द भोपाल के बोरदा महाबड़िया गांव की रहने वाली कचोड़ी बाई आंसू पोंछते हुए बयां करती हैं। वह मंगलवार को परिजनों गांव के कई लोग के साथ कलेक्टर ऑफिस पहुंची थीं। उनके बेटे संजू सिसौदिया 21 की प्रेम प्रसंग के चलते युवती के भाई ने हत्या कर दी। 1 दिसंबर को शव आरोपी के खेत से बरामद किया गया था। संजू की हत्या को लेकर दुखी परिजन करीब दो घंटे तक कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार के बाहर सड़क पर ही डटे रहे। उनका कहना था कि हत्यारों को फांसी या उम्रकैद की सजा दी जाए। उनके घर पर बुलडोजर चलाया जाए। बाकी आरोपी जो खुलेआम घूम रहे हैं, उन्हें पुलिस जल्द पकड़े। कुछ देर इंतजार के बाद जब कलेक्ट्रेट के अधिकारी आवेदन लेने पहुंचे तो वे उठे। सभी ने अधिकारी को आवेदन दिया। इस दौरान संजू की मां मां कचोड़ीबाई ने अधिकारी के हाथ जोड़ते हुए कहा कि दो आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है। बाकी खुलेआम घूम रहे हैं। वे धमकियां दे रहे हैं कि पिक्चर अभी बाकी है।



*अपना दुख जताती संजू की मां कचोड़ीबाई।*

इन आरोपियों को तुरंत पकड़ा जाए। मुख्यमंत्री एक मां की पुकार सुन लें और आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाएं। परिजनों का दावा है कि पहले संजू के पैर काट गए। फिर सीने पर गेंती से दो वार किए। मर गया तो जलाने की भी कोशिश की। नहीं जला, तब खेत में दफना दिया।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की 8447 सीटों हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए 6 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे।

विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), कन्या शिक्षा परिसर (केएसपी) और आदर्श आवासीय विद्यालय (एमआरएस) में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 जनवरी होगी। विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।वहीं, 11 फरवरी को सुबह 10 बजे आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए 29 जनवरी से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरुद्ध प्रवेश हेतु पात्र होंगे। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन प्रदेश में संचालित 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 6वीं कक्षा में 1795 बालक एवं 1820 बालिकाओं सहित कुल 3615 सीटें हैं। वहीं, प्रदेश के 81 कन्या शिक्षा परिसर में कुल 4552 बालिकाओं और 8 आदर्श आवासीय विद्यालयों में कुल 280 सीटें हैं।

### इन विद्यार्थियों को मिलेगा आरक्षण

इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया), विमुक्त जनजातियां और घुमक्कड़ एवं अर्धघुमक्कड़ समुदाय के विद्यार्थियों हेतु सीटें आरक्षित की गईं हैं। साथ ही वे बच्चे, जिन्होंने उग्रवाद या कोरोना आदि के कारण अपने माता-पिता को खो दिया है उनके लिए भी सीटें आरक्षित हैं। विधवा की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि दान की हो) वर्ग के विद्यार्थियों के लिए भी सीटें आरक्षित की गईं हैं।

# वर्तमान में डिजिटल रूप से जागरुक होना जरूरी है: रितिका

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के मौके पर 4 दिवसीय कार्यशाला का मंगलवार को समापन किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें टेक डिबेट, बेस्ट आउट ऑफ ई-वेस्ट, डिजिटल पोस्टर एवं टेक एंटरप्रेन्योरशिप प्रतियोगिताएं शामिल थी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल रूप से जागरूक कर उनमें डिजिटल कौशल का विकास करना था।

इस आयोजन के अंतर्गत डिजिटल जागरूकता विषय पर कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में एसएसएस टेक्नोलॉजी भोपाल की को-फाउंडर रितिका प्रधान उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण के बारे में जागरूकता आवश्यक है। साथ ही रितिका ने छात्राओं को डिजिटल साक्षरता के महत्व को समझाते हुए हैकिंग एवं उससे संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर बात की। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल रूप से जागरूक होना जरूरी है।

वहीं टेक डिबेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. हिबा मरियम एवं द्वितीय स्थान कु. भूमिका पंवार, बेस्ट आउट ऑफ ई-वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. नफीसा हसन और हावरा हसन एवं द्वितीय स्थान कु. हेमा बावने और पिंकी कुशवाह एवं तृतीय स्थान कु. मोनिका बरगाह और हेमा बरगाह, डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. अनुश्री नामदेव एवं द्वितीय स्थान कु. तानिया पाटिल और ग्रेसी सिंह एवं टेक एंटरप्रेन्योरशिप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. दीपिका मेवाड़ा, अंजली विश्वकर्मा और महक भील, द्वितीय स्थान कु. इफराह अली एवं तृतीय स्थान कु. नफीसा हसन और हावरा हसन ने प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने इस आयोजन पर समस्त कंप्यूटर सांइस विभाग को बधाई दी।

# भारतीय दर्शन में सौन्दर्यशास्त्र की विशिष्ट व्याख्या: प्रो. मिश्र

### नाट्यशास्त्र कार्यशाला का शुभारंभ

**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में दस दिवसीय नाट्यशास्त्र कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के सचिव प्रो. सच्चिदानंद मिश्र, मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व कुलपति राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकान्त पाण्डेय ने की।

इस अवसर पर प्रो. रमाकान्त पाण्डेय ने कहा कि यह अत्यन्त ही गर्व का विषय है की नाट्यशास्त्र के विश्वप्रसिध्द विद्वान प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी भोपाल में निवास करते है और भोपाल परिसर नाट्यशास्त्र में शोध-विश्लेषण तथा आधुनिक समय में इसके प्रयोगों को निष्पादित करने में प्रो. त्रिपाठी का सहयोग सदैव मिलता रहता है। मुख्य वक्ता प्रोफेसर राधावल्लभ त्रिपाठी ने भरत मुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र को अत्यंत ही दुर्लभ ग्रन्थ बताया। उन्होंने कहा कि ग्रन्थ के एक-एक पद में कलात्मकता का भंडार है, आवश्यकता है इसे समझ कर प्रयोग करने की।

मुख्य अतिथि प्रो. सच्चिदानन्द मिश्र ने कहा कि भारतीय दर्शन में सौन्दर्यशास्त्र की विशिष्ट व्याख्या होती है, जिसमें सौन्दर्य के अंदरुनी व बाहरी सभी पक्षों को समान महत्व दिया जाता है। सत्र के आरम्भ में प्रो. सुज्ञान कुमार महान्ति ने कार्यशाला की प्रस्तावना देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। सत्र का संचालन आयुष दीक्षित ने और धन्यवाद कार्यशाला संयोजक प्रोफेसर सुज्ञान कुमार महान्ति ने ज्ञापन दिया।

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल तहसील टी.टी.नगर जिला भोपाल(करूणा दंडौतिया)**
तहसील टी.टी.नगर भोपाल म.प्र.
प्रकरण क्रमांक 0168/अ-6/2023-24
**सार्वजनिक नोटिस**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति ममता रघुवंशी पत्नि श्री आर.एस.रघुवंशी निवासी- भोपाल द्वारा ग्राम - खुदागंज स्थित भूमि खसरा नंबर 7/9 के क्षेत्रफल 0.186 हे. का नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है । आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में श्रीमति ममता रघुवंशी पत्नि श्री आर.एस.रघुवंशी एवं श्री महेन्द्र कुमार आ. श्री सेठ सिंह के नाम दर्ज है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 17.12.2023 भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।
**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना, भोपाल**

**न्यायालय अपर तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर(बैरागढ़ )-वृत्त, जिला-भोपाल**
(पुराना जिला पंचायत भवन, जिला भोपाल)
रा.प्र.क्र. 1067/अ-6/2023-24
**सूचना पत्र**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरजा शंकर श्रीवास्तव पिता स्व.श्री ठाकुरलाल निवासी - मकान नं. बी 2/3,सर्वोदय कालोनी सी.टी.ओ. कालोनी बैरागढ द्वारा ग्राम बैरागढकलॉ तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 459, 460, 461/2/2/2/1/1/2 रकवा 0.12
12.5 डेसिमल भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है ।
उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बीत जाने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 05.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
**अपर तहसीलदार**
**नजूल संत हिरदाराम नगर ( बैरागढ़ ) वृत्त, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी.नगर भोपाल**
(7 नंबर बस स्टाप शिवाजी नगर भोपाल)
प्रकरण क्रमांक 2213/अ-6/2023-24
**इश्तहार**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती देवमती देवी पत्नी स्व. श्री तारा प्रसाद सिंह, श्री अनिल कुमार सिंह पुत्र स्व. तारा प्रसाद सिंह, श्रीमती उषमेघा सिंह पत्नी स्व. सुनील कुमार सिंह (पुत्र वधू स्व. श्री तारा प्रसाद सिंह) , कुमारी वैष्णवी पुत्री स्व. श्री सुनील कुमार सिंह (पौत्री स्व. तारासिंह), श्री विनोद कुमार सिंह पुत्र स्व. श्री तारा प्रसाद सिंह निवासी- 16, अविनाश नगर, बी.एच.ई.एल., भोपाल स्थित खजूरी कलां भूमि खसरा क्रमांक 385/2 कुल रकबा 2.0230 हेक्टेयर भूमि में से 1250 वर्गफीट भूमि पर श्री तारा प्रसाद सिंह पुत्र स्व. श्री प्यारेलाल सिंह की फौत होने के कारण फौती नामांतरण चाहा गया है । जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें । निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा ।
आज दिनांक 20.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।
**तहसीलदार**
**नजूल एम.पी.नगर वृत्त, भोपाल**

**IN THE COURT OF XXII CIVIL JUDGE CLASS-I, DISTRICT COURT, JABALPUR**
**Presiding Officer - विश्वेश्वरी मिश्रा**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
RCS A/0000765/2021)
Process Id-926/2023 पेशी दिनांक- 19/12/2023
**नोटिस-** गोविन्द्र तिवारी तनय .... **वादी विरूद्ध** अनीता तिवारी ...... **प्रतिवादी ।** प्रेषिती-1.अनिता तिवारी पिता स्व. सुरेन्द्र तिवारी पता- ब्लाक नं. 426 गुलमोहर अपार्टमेंट गोविंदपुरा भोपाल जिला भोपाल म.प्र., 2. सचिन पुरोहित पिता स्व. सुरेंद्र पुरोहित पता- म.नं. 82/1 मोती मस्जिद के बाजू वाली गली भोपाल जिला भोपाल म.प्र., 3. धर्मेंद्र शर्मा पिता स्व. कृष्णा शर्मा पता- हिमगिरी अपार्टमेंट के पास नयापुरा कोलार रोड भोपाल जिला भोपाल म.प्र., 4. रश्मि तिवारी पिता स्व. सुरेंद्र तिवारी पता- ब्लाक नंबर 426 गुलमोहर अपार्टमेंट गोविंदपुरा भोपाल जिला भोपाल म.प्र., 5. प्रतिमा पुरोहित पिता स्व. शालिगराम तिवारी पति सुरेंद्र पुरोहित पता-म.नं. 82/1 मोती मस्जिद के बाजू वाली गली भोपाल जिला भोपाल म.प्र., 6. सुनीता तिवारी पिता स्व. सुरेन्द्र तिवारी पता- ब्लाक नंबर 426 गुलमोहर अपार्टमेंट गोविंदपुरा भोपाल जिला भोपाल म.प्र., 7. कमला शर्मा पिता स्व. शालिगराम तिवारी पति स्व. मित्र शर्मा पता- कुटकुट पाल संघ बी/6 माता मंदिर के पास भोपाल जिला भोपाल म.प्र., 8. ममता शर्मा पिता स्व. मित्र शर्मा पता- कुटकुट पाल संघ बी/6 माता मंदिर के पास भोपाल जिला भोपाल म.प्र., 9. माधुरी शर्मा पिता स्व. कृष्णा शर्मा पता- हिमगिरी अपार्टमेंट के पास नयापुरा कोलार रोड भोपाल जिला भोपाल म.प्र., 10. योगेश गोखले पिता विवेक गोखले पता- अमलतास ड्यूप्लेक्स नं. 12 बस स्टॉप नं. 6 के पास भोपाल जिला भोपाल म.प्र., 11. दिनेश शर्मा पिता स्व. कृष्णा शर्मा पता- हिमगिरी अपार्टमेंट के पास नयापुरा कोलार रोड भोपाल जिला भोपाल म.प्र., 12. राकेश शर्मा पिता स्व. कृष्णा शर्मा पता- हिमगिरी अपार्टमेंट के पास नयापुरा कोलार रोड भोपाल जिला भोपाल मध्यप्रदेश। यह कि प्रार्थी गोविन्द तिवारी तनय ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 5 नियम 20 सीपीसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 27 अक्टूबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया हैं।
**(श्रीमति विश्वेश्वरी मिश्रा )**
**बाईसवें सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
मोहर **जबलपुर (म.प्र.)**

# इज्तिमा 8 से, संभागायुक्त-कलेक्टर व्यवस्थाएं देखने पहुंचे

### समिति के साथ बैठक भी की

**भोपाल, देशबन्धु।** ईंटखेड़ी में इज्तिमा 8 दिसंबर से शुरू होगा, जो 11 दिसंबर तक चलेगा। 4 दिन में करीब 10 लाख मुस्लिम धर्मालांबियों के पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में मूलभूत सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रहेगी। इसे देखते हुए संभागायुक्त डॉ. पवन शर्मा और कलेक्टर आशीष सिंह मंगलवार को इज्तिमा स्थल पर निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी, आईजी अभय सिंह भी मौजूद थे। अफसरों ने इज्तिमा समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की।

बैठक में संभागायुक्त डॉ. शर्मा ने नगर निगम के अमले को साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति के साथ अग्नि सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्नि शमन अधिकारी को तत्काल पूर्वाभ्यास करने और अग्नि शमन वाहनों की संख्या बढ़ाने के साथ ही संपूर्ण उपकरण तैयार रखने के लिए कहा है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को हाइटेंट प्वाइंट बढ़ाने और अग्नि शमन वाहनों के अलावा मोटरसाइकिल पर भी अग्नि शमन व्यवस्था करने और वाहनों के आने-जाने के रास्तों का पूरी योजना बनाकर कलेक्टर और पुलिस आयुक्त को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डॉ. शर्मा ने चिकित्सा सुविधाओं की भी समीक्षा की। इज्तिमा समिति के सदस्यों ने बताया कि स्थानीय



स्तर पर भी आसपास के लगभग 20 अस्पताल भी अपनी सेवाएं देते हैं। डॉ. शर्मा ने सीएमएचओ को निर्देश दिए हैं कि बड़ी संख्या में जमातों के सम्मिलित होने के दृष्टिगत हमीदिया चिकित्सालय में आवश्यकता पड़ने पर बेड आदि सुरक्षित रखें एवं एम्बुलेंस की संख्या भी बढ़ाएं। चलित अस्पताल, स्ट्रेचर के अतिरिक्त चलित चिकित्सालय के साथ ही पेरामेडिकल स्टॉफ की व्यवस्था भी रखें।

संभागायुक्त डॉ. शर्मा ने नगर निगम को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने एसटीपी का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बिजली कंपनी के अधिकारियों को भी बिजली सुरक्षा का परीक्षण करने और सभी स्थलों पर नीचे लटके हुए तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। जिला और पुलिस प्रशासन के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए समन्वय बनाने के लिए भी कहा है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ यातायात के अलावा सुरक्षा उपायों पर भी विचार-विमर्श किया।

देशबन्धु

भोपाल, बुधवार 6 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# राजस्थान के भाजपायी विधायक एक्शन में

जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीज़े निकले हैं, उनमें से एक राजस्थान भी है जहां भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर जीत हासिल की है। अभी वहां न तो सरकार बनी है और न ही मुख्यमंत्री चुने गये हैं, परन्तु उसके विधायक सक्रिय हो गये हैं। उनके एक विधायक कह रहे हैं कि वे माफियाओं को ढूंढ़-ढूंढकर नाश्ते में खायेंगे, तो एक अन्य विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी नॉन वेज दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के लिये पुलिस अधिकारियों को फरमान जारी कर रहे हैं। विकास की बजाय उदयपुर के कन्हैयालाल की मौत के आधार पर भाजपा के पक्ष में जनादेश का सम्भवत: यही साइड इफेक्ट हो सकता है। भाजपा की जीत का यह तत्काल प्रभाव भी कहा जा सकता है। अगर भाजपा के विधायक और नेता अपनी सरकार बनने से ताकत पाकर अभी से ऐसी हरकतें कर रहे हैं तो आने वाले समय में और भी कई उदाहरण देखने को मिल सकते हैं। कहा जा सकता है कि पार्टी तो अभी शुरू हुई है, लेकिन ऐसे बयानों के चलते राज्य का सामाजिक माहौल कैसा बनेगा, उसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है।

जयपुर के हवामहल से महज़ 600 वोटों से जीतने वाले बालमुकुंद आचार्य ने विधायक पद की शपथ लिये बिना ही सोमवार को स्थानीय पुलिस को आदेश दे दिया कि शाम तक उनके क्षेत्र के नॉन वेज के सारे ठेले हटाये जायें। उन्होंने पुलिस से कहा कि उनके लाइसेंसों की जांच की जाये और उन्हें दिखलाया जाये। आचार्य ने पुलिस अधिकारियों से यह भी पूछा कि वे स्वयं रिपोर्ट देंगे या उन्हें पुलिस स्टेशन आना पड़ेगा? राजस्थान मिली-जुली संस्कृति का प्रदेश है जहां सभी धर्मों के लोग रहते हैं। जाहिर है कि उनकी जीवन शैलियों में भी भिन्नता है। खान-पान सम्बन्धी रुचियां भी अलग-अलग हैं। चाहे शाकाहार हो या मांसाहार- सभी धर्मों के लोगों की जीवन पद्धति में दोनों ही तरह के भोजन शामिल हैं।

धाम पीठाधिश्वर कहे जाने वाले बालमुकुंद आचार्य का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे अपने मोबाइल पर किसी अधिकारी को निर्देश देते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चांदी की टकसाल रोड पर मांसाहार की दुकानें हटा दी जायें। इस सड़क पर जितने भी ठेले खुले में नॉन वेज पदार्थ बिक रहे हैं, वे दिखने नहीं चाहिये। इस वीडियो के वायरल होने के बाद उन्होंने सफाई दी कि वे किसी को धमका नहीं रहे हैं बल्कि निवेदन कर रहे हैं। फिर भी उन्होंने साफ किया कि उन्हें विधायक बनने का सर्टिफिकेट मिल गया है और अब वे किसी मुहूर्त का इंतज़ार नहीं करेंगे। उनका यह भी आरोप था कि कांग्रेस शासन में अधिकारी टालमटोल करते थे परन्तु वे इस बात को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनका कहना था कि उनके क्षेत्र के लोग खुले में मांस का व्यवसाय होते देखना पसंद नहीं करेंगे। उनकी शिकायत थी कि इसकी आड़ में गोमांस का भी कारोबार होता है।

बालमुकुंद आचार्य अखिल भारतीय संत समाज की राजस्थान शाखा के प्रमुख हैं। वे हर ऐसे मामले में हिन्दुओं का पक्ष लेने पहुंचते हैं जहां किसी भी प्रकार का साम्प्रदायिक टकराव होता है। पिछले दिनों वे अपने एक और बयान के लिये चर्चा में आये थे जिसमें उन्होंने कहा था कि जयपुर के परकोटा क्षेत्र में बड़ी तादाद में मंदिर थे जिन्हें नष्ट किया जा चुका है। उन्होंने ऐसे सैकड़ों मंदिरों के उनके पास प्रमाण होने का भी दावा किया था। उन्होंने यह भी कहा कि अब वे हर रोज ऐसे ही एक मंदिर में जायेंगे जिन्हें ध्वस्त कर दिया गया है। इन मंदिरों के पुनर्निर्माण या जीर्णोद्धार का भी उन्होंने संकल्प ले रखा है। देखना यह होगा कि विधायक बनने के बाद अपने बढ़े हुए रसूख व शक्तियों के साथ वे अपने अभियान को कैसा और किस तरह का अंजाम देते हैं। अब तो सरकार भी उनकी है और यह भी सम्भव है कि वहां बाबा बालकनाथ को मुख्यमंत्री बना दिया जाये। फिर तो उनका संकल्प पूरा होकर ही रहेगा।

उधर दूसरी तरफ जयपुर की ही झोटवाड़ा सीट पर जीते भाजपा नेता कर्नल (सेवानिवृत्त) राज्यवर्धन राठौड़ ने चेतावनी जारी कर दी है कि वे अब माफियाओं को ढूंढ-ढूंढकर निकालेंगे और नाश्ते में खाएंगे। उनका भी एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे कहते हैं- 'मैं माफियाओं को नाश्ते में खाता हूं। जितने माफिया हैं वे कान खोलकर सुन लें कि अगर वे मुझको रोक सकते हैं तो रोक लें। अगर नहीं रोक सकते तो मैं माफियाओं को ढूंढ-ढूंढकर निकालूंगा, नाश्ते में खाऊंगा। हिम्मत है तो मुझे रोककर दिखा दो।'

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की निवर्तमान अशोक गहलोत सरकार ने लोगों के पक्ष में अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की थीं। राज्य के लोगों के लिये 450 रुपये में रसोई गैस का सिलेंडर दिया जा रहा था। साथ ही अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने का भी ऐलान हुआ था। उनके द्वारा चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना भी लाई गई थी जिसके अंतर्गत किसी भी तरह की बीमारी का 50 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त किया जा रहा था। पहले यह राशि 25 लाख रुपये तक थी जिसे बाद में बढ़कर 50 लाख किया गया था। इसके मुकाबले भाजपा ने कन्हैयालाल नामक व्यक्ति की हत्या को प्रमुख मुद्दा बनाया था। साम्प्रदायिकता व ध्रुवीकरण को राजस्थान की जनता ने अपनी पसंद बतलाकर भाजपा के पक्ष में बड़ा समर्थन दिया। बड़ी बात नहीं अगर पहले दिन से ही भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक ऐसे बयान दे रहे हैं; क्योंकि वे जनता की पसंद को समझ गये हैं। फिर उन्हें अगला चुनाव भी तो जीतना है।

# सकारात्मकता का पाठ सिखाते मोदी

पांच में से तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में रविवार को मिली छप्पर फाड़ जीत से गदगद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब अगले ही दिन संसद के शीतकालीन सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे, तो वे उत्साह से इस कदर लबरेज़ थे कि उन्होंने संसद के द्वार पर विपक्ष को 'सकारात्मकता' का संदेश दिया और 'नफरत का भाव' त्यागने की भी सलाह दी। उन्होंने विपक्ष को समझाया कि 'ऐसा करने से देश का उनके प्रति नज़रिया बदलेगा जिसका उन्हें (प्रतिपक्ष को) इसलिये राजनैतिक लाभ भी मिलेगा क्योंकि जनता उनसे (विरोधी दलों से) मोहब्बत करने लगेगी।' प्रधानमंत्री की उन्हें यह भी सलाह थी कि वे विरोध के लिये विरोध छोड़ें। तीन राज्यों में मिली 'पराजय का गुस्सा छोड़कर' विपक्ष को चर्चा में भाग लेने के प्रति आगाह करते हुए पीएम ने उनसे सरकार की कमियों पर सलाह देने के लिये भी आमंत्रित किया। उन्होंने यह भी इशारा किया कि विपक्षी दलों का यह रवैया पिछले नौ वर्षों से चला आ रहा है। जाहिर है कि वे इन शब्दों में अपने ही कार्यकाल का उल्लेख कर रहे थे। एक 'मजबूत एवं सामर्थ्यवान विपक्ष' की ज़रूरत बतलाकर मोदी ने सबको चकित भी कर दिया।

प्रधानमंत्री के ये परामर्श ऊपरी तौर पर तो बेहद नेक नज़र आते हैं और कोई भी यह नहीं कह सकता कि इस सीख को विरोधी नेताओं को नहीं अपनाना चाहिये। सवाल तो यह है कि क्या स्वयं मोदी इस कथित नकारात्मकता के भाव से ऊपर उठ चुके हैं? क्या उनमें विरोधी दलों एवं उनके नेताओं के प्रति नफरत का भाव कूट-कूटकर नहीं भरा हुआ है? सकारात्मकता का काढ़ा पिलाने की कोशिश करने वाले मोदी अगर ईमानदारी से अपने इन विचारों और खुद के आचरण पर ही गौर फरमाएं तो पाएंगे कि उनकी कथनी और करनी में धरती-आकाश सा फासला है। फिर भी, क्या ही अच्छा होता कि इस सलाह पर अमल की शुरुआत अगर उन्हीं से होती।

जिन नौ वर्षों के दौरान के विपक्ष के रवैये से मोदी व्यथित नज़र आये, उसे अगर उन्हीं के बरक्स देखें तो उनका यह वक्तव्य एक बड़े विरोधाभास से कतई कम नज़र नहीं आता। अमूनन मीडिया से भागने वाले मोदी अब संसद का सत्र प्रारम्भ होने पर इस तरह से मीडिया के समक्ष संक्षिप्त से उद्बोधन के लिये नमूदार होने लगे हैं। कम से कम इसका स्वागत तो किया ही जा सकता है। और भी बेहतर होता अगर वे पिछले सभी प्रधानमंत्रियों की परम्परा का निर्वाह करते हुए सत्र की शुरुआत के वक्त प्रेस कांफेंस करते। पत्रकारों से सवाल आमंत्रित करते और उनके जवाब देते। अपने दो कार्यकालों के दौरान यह शायद चौथा या पांचवा मौका रहा होगा जब वे मीडिया के सामने आये। एक ओर तो वे पत्रकारों से बात ही नहीं करते, तो वहीं दूसरी ओर संसद में उनकी उपस्थिति बहुत कम होती है। संसदीय परम्परा के ही अनुसरण में सारे पूर्व प्रधानमंत्री पूरे समय संसद के दोनों सदनों में हाज़िर रहा करते थे। मोदी संसद के सत्रों के दौरान सदन के बाहर सभाएं या रैलियां करते फिरते हैं। शून्य काल या प्रश्न काल में वे नज़र ही नहीं आते। अक्सर चर्चा खत्म होने के बाद वे आते भी हैं तो उनके भाषणों में विपक्ष के सवालों के सिलसिलेवार या तार्किक जवाब नहीं होते और न ही देश की चिंताओं को वे एड्रेस करते नज़र आते हैं। तमाम महत्वपूर्ण विधेयक वे चर्चा के बगैर पास कराते हैं। कोई अगर सवाल करे तो वे या तो उस पर बात ही नहीं करते या फिर ऐसे मुखर सदस्यों की आवाज़ को अपने सांसदों के शोर-गुल में दबवा देते हैं। इस पर भी उनके लिये उठाये जाने वाले अड़चन भरे सवालों या बयानों को संसदीय कार्यवाही से विलोपित कर दिया जाता है या सदस्यों को ही निलम्बित करा दिया जाता है। इस पर भी मन न भरे तो उनके यहां केन्द्रीय जांच एजेंसियां दस्तक देने लगती हैं। सर्वदलीय बैठक जूनियर मंत्रियों के हवाले कर वे स्वयं बाहर सभाएं करते हैं।



डॉ. दीपक पाचपोर

> सरकार की त्रुटियों पर विपक्ष के विचार आमंत्रित करने का औदार्य दिखलाने वाले ये वही मोदी हैं जो अपनी आलोचना को विरोधियों द्वारा गालियां देना भी बतलाते रहे हैं। ऐसा वे संसद के बाहर व भीतर दोनों जगहों पर करते हैं। उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी या फिर चीन की भारतीय सीमा में घुसपैठ की बात की जाये तो वे इसे देश पर हमला बतलाने लगते हैं; और अगर नोटबन्दी या जीएसटी की असफलताओं पर विपक्ष बात करे तो उसे देशविरोधी करार दिया जाता है।

सरकार की त्रुटियों पर विपक्ष के विचार आमंत्रित करने का औदार्य दिखलाने वाले ये वही मोदी हैं जो अपनी आलोचना को विरोधियों द्वारा गालियां देना भी बतलाते रहे हैं। ऐसा वे संसद के बाहर व भीतर दोनों जगहों पर करते हैं। उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी या फिर चीन की भारतीय सीमा में घुसपैठ की बात की जाये तो वे इसे देश पर हमला बतलाने लगते हैं; और अगर नोटबन्दी या जीएसटी की असफलताओं पर विपक्ष बात करे तो उसे देशविरोधी करार दिया जाता है। पिछले 70 वर्षों का बिला नागा रोज हिसाब मांगने वाले मोदी से सम्बन्धित कोई सवाल अगर हो तो वे उन्हें मिलने वाली गालियों की संख्या बतलाने लगते हैं। या वे इस बात का रोना रोते हैं कि उन्हें क्या-क्या कहकर और कितने किलो गालियां दी गईं। अगर प्रधानमंत्री खुली चर्चा के इतने ही हिमायती हैं तो उन्हें अपने सांसदों, पार्टी प्रवक्ताओं, आईटी सेल, ट्रोल आर्मी से कहकर विपक्ष की आवाज दबाने के लिये चलाए जा रहे अभियानों को रुकवाना चाहिये। सब जानते हैं कि ऐसा होना सम्भव नहीं है क्योंकि यह मोदी व उनकी भारतीय जनता पार्टी का विपक्ष के खिलाफ एक बेहद अलोकतांत्रिक अभियान का हिस्सा है। मजबूत प्रतिपक्ष की वकालत कर उसे खुली चर्चा का न्यौता ऐसा कोई व्यक्ति दे ही नहीं सकता जो देश को उसकी सबसे पुरानी और आजादी के आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाली कांग्रेस से ही मुक्त होने का न केवल सपना दिखाए बल्कि उसका नारा भी दे और ऐसा करने के तमाम अलोकतांत्रिक कदम उठाये। खुद मोदी कांग्रेस एवं सम्पूर्ण विपक्ष को अनेक प्रकार से बदनाम करने के अभियानों का (सफल) नेतृत्व करते आये हैं।

वैसे जब प्रधानमंत्री संसद भवन को 'लोकतंत्र का मंदिर' बतलाते हुए विपक्ष को ज्ञान दे रहे थे तो उनकी भाव-भंगिमा में विनम्रता व सहजता नहीं थी। सम्भवत: वे कांग्रेस पर खास तौर पर तंज कसने और उसका मखौल उड़ाने के लिये प्रकट हुए थे। ऐसा उन्होंने पहली बार नहीं किया। संसद के दस्तावेज़ों में उनके ऐसे अनेक भाषण संरक्षित होने चाहिये जो विपक्ष एवं राष्ट्र निर्माताओं के लिये अपमानसूचक शब्दों से भरे पड़े हैं। उनका यही रवैया सदन के बाहर दिये जाने वाले भाषणों में भी रहता है। बहुत पीछे जाकर उनके पुराने वक्तव्यों को उद्धृत करने की बजाये हाल के उनके कुछ बयानों को देखें तो उनका व्यवहार उनकी इस ताज़ा सीख से एकदम अलग है। पुरानी संसद से नये भवन में जाने के पहले उन्होंने इसी जगह पर कहा था कि 'विपक्ष रोना-धोना छोड़कर नयी शुरुआत करे।' रोने-धोने से उनका आशय वही था जो इस बार की नकारात्मकता से है। यानी उन्हें असहज करने वाले प्रश्न न पूछे जायें और सरकार की हां में हां मिलाई जाये। मोदी की सकारात्मकता का यही आशय है। फिर, सवाल पूछने वाले उनके लिये 'मूर्खों के सरदार' भी हो जाते हैं।

अधिक पीछे गये बगैर मोदी के पिछले नौ वर्षों के राजनैतिक सफर को देखें तो कह सकते हैं कि सकारात्मकता अपनाने का जो संदेश वे दे रहे हैं उसकी शुरुआत उन्हीं से किये जाने की सख्त ज़रूरत है। आजाद मुल्क के गौरवशाली संसदीय इतिहास व लोकतांत्रिक विरासत को हमेशा गरियाने और विपक्ष विहीन भारत का नारा बुलन्द करने वाले मोदी ने जो बातें सोमवार को संसद भवन की दहलीज पर कीं, उसके एक छोटे से हिस्से पर भी वे अमल करें तो देश का न केवल लोकतंत्र बचा रहेगा वरन देश भी बच जायेगा।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# इंडिया ब्लॉक को विधानसभा चुनाव नतीजों से उचित सबक लेना होगा

■ नित्य चक्रवर्ती

पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव परिणाम अप्रैल/मई 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों से ठीक चार महीने पहले भाजपा विरोधी विपक्ष को अशुभ संकेत भेज रहे हैं। तीन उत्तर भारतीय राज्यों- मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा के हाथों कांग्रेस की हार एक आपदा है। भाजपा की इस भारी जीत का प्रभाव राष्ट्रीय फलक पर बीआरएस को हराकर तेलंगाना में कांग्रेस की जीत को बेअसर कर देगा।

राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों से कई सबक मिलते हैं। सबसे महत्वपूर्ण है देश के इन तीन प्रमुख राज्यों में मतदाताओं के राजनीतिक मूड में भाजपा के पक्ष में स्पष्ट बदलाव। यह सीमांत नहीं है, यह बहुत अधिक है। चुनाव प्रचार के अंतिम समय तक यह धारणा थी कि इस साल मई में हिमाचल और इससे भी अधिक कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस को चुनावी लड़ाई में बढ़त मिल रही है। 3 दिसंबर के नतीजों से पता चला है कि हवा भाजपा के पक्ष में बदल गई है और इससे हिंदी भाषी राज्यों में 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के पलटवार की संभावना कम हो गई है।

आइए इन तीन राज्यों में पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डालते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल 65 सीटों में से भाजपा को 61 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस को मात्र 3 सीटें ही मिली थीं। यह परिणाम 2018 के विधानसभा चुनावों के बाद आया था जिसमें कांग्रेस ने तीनों राज्यों में भाजपा को हरा दिया था। 2019 के लोकसभा नतीजों को कई लोगों ने नरेंद्र मोदी फैक्टर का जिक्र करके समझाया। अब लोकसभा चुनाव की पूर्वसंध्या पर इन तीनों राज्यों में से किसी में भी कांग्रेस की सरकार नहीं है। मोदी फैक्टर को छोड़ दें, केवल राज्य चुनाव प्रचार के आधार पर, कांग्रेस के पास इन तीन राज्यों में मतदाताओं को देने के लिए कुछ भी नया नहीं होगा।

> जहां तक इंडिया गठबंधन के सहयोगियों का सवाल है, नतीजों ने खतरा भी पैदा किया है और कुछ अवसर भी। कांग्रेस विधानसभा चुनावों में अच्छी जीत की उम्मीद कर रही थी और उस आधार पर, 2024 के चुनावों के लिए सीट बंटवारे के संबंध में बेहतर सौदेबाजी की शक्ति के साथ आगामी विपक्षी गठबंधन बैठक में भाग लेने की योजना बना रही थी। वह लाभ अब नहीं रहेगा।

2024 के चुनावों में हिंदी भाषी राज्यों में बदलाव कांग्रेस पार्टी के लिए अपनी लोकसभा सीटों को वर्तमान 52 से बढ़ाकर 120 से अधिक करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो कि प्रमुख विपक्षी दल के लिए भारत ब्लॉक में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए न्यूनतम है, यदि भाजपा को केन्द्र की सत्ता से बेदखल करना है तो। 2003 के विधानसभा चुनावों में सभी राज्यों में हार के बावजूद, 2004 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने इन तीन राज्यों में अच्छा प्रदर्शन किया। वह बीस साल पहले की बात है और प्रधानमंत्री के रूप में कोई नरेंद्र मोदी नहीं थे। कांग्रेस को गंभीरता से आत्मनिरीक्षण करना होगा और देखना होगा कि अगले कुछ महीनों में धारणा को कैसे बदला जा सकता है।

3 दिसंबर के नतीजे मतदाताओं के मूड में एक स्पष्ट दक्षिण-उत्तर विभाजन का संकेत देते हैं। आम तौर पर, पिछला इतिहास बताता है कि एक बार जब कांग्रेस को किसी क्षेत्रीय पार्टी सत्ता से हटाती है, तो सबसे पुरानी पार्टी कभी भी अपने दम पर सत्ता में वापस नहीं आती। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, झारखंड और यहां तक कि बिहार के साथ भी यही स्थिति रही है। तेलंगाना में, यह प्रवृत्ति उलट गई है और इससे कांग्रेस आलाकमान को दक्षिण भारतीय राज्यों, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश और केरल में अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य मिल सकते हैं।

कांग्रेस पार्टी के लिए दिक्कत यह है कि दक्षिणी राज्यों से उसे लोकसभा में ज्यादा सीटें मिलने की गुंजाइश कम है। पार्टी को सबसे ज्यादा फायदा हिंदी भाषी राज्यों से होना है क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में इन राज्यों में प्रदर्शन सबसे निचले स्तर पर था। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के अलावा, अन्य हिंदी भाषी राज्य बिहार, झारखंड, हरियाणा और उत्तर प्रदेश हैं। बिहार और झारखंड में कांग्रेस पहले से ही गठबंधन सरकार का हिस्सा है। ताजा नतीजे इन गठबंधन राज्यों में अपने सहयोगियों से अधिक लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस की सौदेबाजी की शक्ति को कम कर देंगे।

जहां तक इंडिया गठबंधन के सहयोगियों का सवाल है, नतीजों ने खतरा भी पैदा किया है और कुछ अवसर भी। कांग्रेस विधानसभा चुनावों में अच्छी जीत की उम्मीद कर रही थी और उस आधार पर, 2024 के चुनावों के लिए सीट बंटवारे के संबंध में बेहतर सौदेबाजी की शक्ति के साथ आगामी विपक्षी गठबंधन बैठक में भाग लेने की योजना बना रही थी। वह लाभ अब नहीं रहेगा। अपमानित और निराश कांग्रेस नेतृत्व सीट बंटवारे के फॉर्मूले सहित विधानसभा चुनाव के बाद की रणनीति पर चर्चा करने के लिए 6 दिसंबर को इंडिया ब्लॉक की बैठक में भाग लेगा।

बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में सहयोगियों के लिए भाजपा की चुनौती कड़ी होगी। खासकर बिहार में यह अपने चरम पर पहुंचेगा जहां भाजपा के सभी हमलों के केंद्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार होंगे। भाजपा यह सोचकर कि जाति जनगणना की मांग को तीन राज्यों में मतदाताओं ने खारिज कर दिया है, आने वाले महीनों में नरेंद्र मोदी की गारंटी के आधार पर जोरदार प्रचार करेगी। जद(यू) और राजद दोनों स्थिति की समीक्षा कर सकते हैं। कांग्रेस को राज्य चुनाव से पहले अपने पहले के अनुमानों के विपरीत कम संख्या में सीटों से संतोष करना पड़ सकता है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का होगा इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला। हाल के हफ्तों में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही थी। यह इस विश्वास का परिणाम था कि पार्टी विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। अब, अखिलेश कांग्रेस पर अपनी शर्तें थोप सकते हैं, तथा अन्य सहयोगी निश्चित रूप से उनका समर्थन करेंगे। अखिलेश इस बात से भी चिंतित हैं कि हिंदी पट्टी में भाजपा की जीत निश्चित रूप से राज्य भाजपा को उत्साहित करेगी जो 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के कारण पहले से ही लाभप्रद स्थिति में है। संक्षेप में, हिंदी भाषी राजनीतिक परिदृश्य इंडिया गुट के लिए अनुकूल नहीं हैं।

जो पार्टियां विधानसभा चुनाव नतीजों से थोड़ी भी अछूती रहीं, उनमें तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी दल और डीएमके शामिल हैं। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी निश्चित रूप से राज्य की राजनीति में पुनरुत्थान वाली भाजपा का सामना करेगी, लेकिन उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उनका संगठन बिखरी हुई भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनावों के लिए अच्छी तरह से तैयार है। वह हमेशा चाहती थीं कि सीट बंटवारे पर बातचीत सितंबर में शुरू हो लेकिन कांग्रेस ने नतीजों की घोषणा तक इसमें देरी की। अब जब सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू होगी, तो टीएमसी सुप्रीमो कमजोर कांग्रेस से निपटेंगी, अगर कांग्रेस अंतत: टीएमसी के साथ गठबंधन करने का फैसला करती है।

जहां तक दो वामपंथी दलों, सीपीआई और सीपीआई (एम) का संबंध है, सीपीआई को कांग्रेस के साथ गठबंधन के परिणामस्वरूप तेलंगाना में एक सीट मिली। कांग्रेस के साथ सीपीआई (एम) की गठबंधन वार्ता टूट गई। पार्टी ने कुछ सीटों पर चुनाव लड़ा लेकिन उसे कोई सीट नहीं मिली। सीपीआई (एम) ने राजस्थान में अपनी दो सीटें खो दीं। यह पार्टी के लिए बड़ा नुकसान है क्योंकि किसान आंदोलनों के जरिए पार्टी राजस्थान में अच्छा आधार बनाने में सफल रही है। लेकिन लोकसभा चुनाव में सीपीआई (एम) के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण काम केरल से होगा। कुल 20 सीटों में से सीपीआई (एम) के पास अब केवल एक सीट है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को अन्य 19 सीटें मिली हैं। यह दोनों मोर्चों एलडीएफ और यूडीएफ की संबंधित ताकत के अनुपात से अधिक है। सीपीआई और सीपीआई (एम) दोनों के पास 2024 के लोकसभा चुनावों में यूडीएफ सहयोगियों से सीटें हासिल करने का अच्छा अवसर है। केरल से अधिक सीटें जीतकर ही वाम दल अपनी संख्या मौजूदा पांच से बढ़ा सकते हैं। कांग्रेस को लगता है कि कर्नाटक और तेलंगाना चुनाव के बाद दक्षिण में उसकी स्वीकार्यता बढ़ी है। पार्टी केरल में अपनी सीटें बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेगी।

कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक में उसके सहयोगियों को लोकसभा चुनावों में राजनीतिक चुनौतियों पर समग्र रूप से विचार करना होगा। सहयोगियों को याद रखना होगा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से मुकाबला करने की स्थिति में है। कांग्रेस का कमजोर होना विपक्ष के हित में नहीं है। वहीं, कांग्रेस को यह भी देखना होगा कि संयुक्त विपक्ष की अधिकतम ताकत का इस्तेमाल भाजपा के खिलाफ लड़ाई में किया जा सके। इंडिया ब्लॉक के साझेदारों को इसे ध्यान में रखते हुए 6 दिसंबर की चर्चा में भाग लेना चाहिए। उन्हें यह ध्यान में रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री उत्साहित मूड में हैं और वह 22 जनवरी को राम मंदिर उद्घाटन के तुरंत बाद राष्ट्रीय चुनावों की घोषणा कर सकते हैं। उन्हें उससे पहले सीट साझा करने की व्यवस्था और अभियान कार्यक्रमों के साथ तैयार रहना चाहिए।

## पावन प्रसंग

# सेवा का अवसर न जाने दें

स्वामीजी का प्रवचन समाप्त हुआ। अपने प्रवचन में उन्होंने सेवाधर्म की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला और अंत में यह निवेदन भी किया कि जो इस राह पर चलने के इच्छुक हों, वे मेरे कार्य में सहयोगी हो सकते हैं। सभा विसर्जन के समय दो व्यक्तियों ने आगे बढ़कर अपने नाम लिखाए। स्वामीजी ने दूसरे दिन आने का आदेश दिया। सभा का विसर्जन हो गया, लोग इधर-उधर बिखर गए। दूसरे दिन सड़क के किनारे खड़ी थी एक महिला, पास में रखा था घास का भारी ढेर। प्रतीक्षा थी किसी राहगीर की। आए और उठवा दे उसका बोझा। एक आदमी आया, मजदूरनी ने अनुनय विनय की, पर उसने उपेक्षा की दृष्टि से देखा और बोला- अभी मुझे समय नहीं है, मैं बहुत महत्वपूर्ण कार्य को संपन्न करने जा रहा हूं। इतना कहकर आगे बढ़ गया। थोड़ी सी दूर पर एक बैलगाड़ी दलदल में फंसी खड़ी थी। गाड़ीवान बैलों पर डंडे बरसा रहा था. पर बैल एक कदम भी आगे न बढ़ पा रहे थे। यदि पीछे से कोई गाड़ी के पहियों को धक्का देकर आगे बढ़ा दे तो बैल उसे खींचकर दलदल से बाहर निकाल सकते थे। गाड़ीवान ने कहा- भैया! आज तो मैं मुसीबत में फंस गया हूं थोड़ी सहायता करो मेरी।

राहगीर बोला- मैं इससे भी बड़ी सेवा करने स्वामीजी के पास जा रहा हूं, फिर बिना कीचड़ में घुसे धक्का देना भी संभव नहीं। अत: कौन खराब करे अपने कपड़े। इतना कहकर वह आगे बढ़ गया। और आगे चलने पर मिली उसे एक नेत्रहीन वृद्धा, जो अपनी लकड़ी सड़क पर खटखट कर दयनीय स्वर से कह रही थी- कोई है क्या? मुझे सड़क की बाईं ओर वाली उस झोंपड़ी तक पहुंचा दो भगवान भला करे। बड़ा एहसान होगा मुझ पर। वह व्यक्ति कुड़कुड़ाया, क्षमा करो मां। क्यों बिगाड़ती हो। तुम शायद नहीं जानतीं मैं बड़ा आदमी बनने जा रहा हूं। मुझे जल्दी पहुंचना है। उस सेवाव्रती राहगीर ने सभी अवसर ठुकरा दिए, जबकि दूसरे अगले सेवाव्रती ने उस मजदूरनी का बोझा उठाया, वृद्धा को उसकी झोपड़ी तक पहुंचाया। बैलगाड़ी को दलदल से निकालने में मदद की। इस तरह उन सबकी सहायता की और स्वामीजी के पास देर से पहुंचने का कारण बताया। स्वामीजी की परीक्षा में सेवा-सहायता करने वाला व्रती उत्तीर्ण हुआ।

सेवाभावी नेतृत्व-सेवा का नेतृत्व का अर्थ है- वह वर्चस्व जिसके सहारे परिचितों और अपरिचितों को अंकुश में रखा जा सके,अनुशासन में चलाया जा सके। आमतौर से मनुष्य अनगढ़ होते हैं। छोटे बच्चे जागने से लेकर सोने तक ऐसे ही उछल-कूद करते रहते हैं। उनकी भाग-दौड़ का न कोई प्रयोजन होता है और न लाभ। मनमर्जी चलाने में उन्हें मजा आता है। इशारे से समझाने पर मानते नहीं। उन्हें काबू में रखना, शिष्टाचार बरतने के लिए सहमत करना, पढ़ने जैसे किसी उपयोगी काम में लगाना तभी संभव होता है, जब उनके पीछे व्यवहारकुशल अध्यापक या अभिभावक लगें। यही नेतृत्व है।

आत्मानुभूति यह भी होनी चाहिए कि सबसे बड़ी पदवी इस संसार में मार्गदर्शक की है। नाविक और अध्यापक जो स्नेह, सम्मान पाते हैं, अगणितों को कृतज्ञ बनाते और पार लगाते हैं, वह साधारण नहीं, असाधारण बात है। उतना कर पाना आत्मसंतोष के लिए सबसे बड़ा आधार है। लोकश्रद्धा इसी के सहारे अर्जित होती है। संसार में जो भी महामानवों की श्रेणी में पहुंचे हैं, उन सभी को जनसमर्थन- जन सहयोग निश्चित रूप से मिला है। यह किस प्रकार सुलभ-संभव है, उसकी विद्या अनुभव- अभ्यास में उतार लेना महती सफलताओं में एक गिनी जा सकती है।

अपने दुर्गुण, कुविचारों एवं हेय कार्यों पर कड़ी नजर रखी जाए. उनका विरोध- असहयोग जारी रखा जाए तो कोई कारण नहीं कि जीवन को उच्चस्तरीय बनाने वाली सत्प्रवृत्ति अपने अभ्यास में न उतार सके। यह बहुत बड़ी बात है। नम्रता, सज्जनता, शिष्टता, उदारता, सेवा भावना के बलबूते कोई भी व्यक्ति लोकप्रिय एवं श्रद्धास्पद बन सकता है साथ ही उस समर्थन के कारण हर क्षेत्र में प्रगति के लिए अवसर मिलते रहने का सिलसिला अनायास ही चल पड़ता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# स्त्री की बुनियादी भूमिका और अधिकारों के मूल्यांकन की आवश्यकता

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है। नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अत: नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है। इनके अधिकारों और नई भूमिका के सही मूल्यांकन महती जरूरत है। वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है। स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या पुत्र। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी में ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था। इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है। उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है। आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है।

**संजीव ठाकुर**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आज से ऑनलाईन आवेदन

**रायसेन, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य विभाग के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिये ऑनलाइन आवेदन 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे से भरे जा सकेंगे। रायसेन जिले में विशिष्ट आवासीय विद्यालय कन्या शिक्षा परिसर संचालित है। जिसमें प्रवेश परीक्षा के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं को 70 सीट पर प्रतिवर्ष प्रवेश दिया जाता है। सत्र 2024-25 हेतु कन्या शिक्षा परिसर रायसेन में प्रवेश हेतु 06 दिसम्बर से ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तारीख 8 जनवरी 2024 है। परीक्षा प्रवेश-पत्र 29 जनवरी को सुबह 10 बजे से डाउनलोड किये जा सकेंगे। परीक्षा 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 से 12 बजे तक होगी। प्रदेश में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में बालकों के लिये 1795, बालिकाओं के लिये 1820 सीट हैं। इसी तरह कन्या शिक्षा परिसर में बालिकाओं के लिये 4552 और आदर्श आवासीय विद्यालयों में बालकों के लिये 280 सीट हैं।

### कार्यों व योजनाओं के क्रियान्वयन पर रहेगा अब पूरा फोकस: कलेक्टर

**विदिशा, देशबन्धु।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने जिले के सभी मतदाताओं पुलिस व प्रशासन की पूरी टीम के साथ-साथ मीडिया कर्मियों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सभी ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष,पारदर्शी और निर्भीक रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने में सहयोग किया। इसके लिए उन्होंने प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों के प्रति आभार प्रकट किया है। कलेक्टर भार्गव ने कहा कि पिछले विधानसभा निर्वाचन के मुकाबले विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान प्रतिशत बढ़ा है इसके लिए जिले में स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाता जागरूकता के कार्य किए गए थे ताकि मतदाता मतदान अवश्य करें। कलेक्टर भार्गव ने कहा कि मतदान प्रक्रिया सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो चुकी है, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचरण संहिता के समापन की घोषणा भी कर दी गई है. अब जिले भर में जो शासकीय कार्य प्रभावित हुए थे वह गति से आगे बढ़ाने के प्रयास शुरू किए जाएंगे। इसके लिए एक बैठक का आयोजन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि अब हमारा पूरा फोकस शासकीय कार्यों व योजनाओं समेत अन्य शासकीय कार्यों के क्रियान्वयन पर रहेगा।

### विद्युत विभाग ने 80 घरों के अवैध कनेक्शन काटे

**मुरैना, देशबन्धु।** विद्युत विभाग की टीम ने मंगलवार को भ्रमण के दौरान कब्रिस्तान रोड पर दूर-दूर तक लोगों द्वारा अवैध रूप से डाले गए कटिया तार को काटकर उनके कनेक्शन हटा दिए, जिससे 80 परिवारों के घरों में अंधेरा छा गया विद्युत विभाग के प्रबंधक अशोक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की दोपहर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कब्रिस्तान रोड पर लोगों द्वारा अवैध तार डालकर डीपी से लाइट ली जा रही थी। उन्होंने टीम के साथ डीपी पर डाले गए सभी तारों को काटकर भर लिया, वहीं एक ई-रिक्शा चालक कई अवैध कनेक्शन काटा गया।

### उर्वरक सुगमता से वितरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर मंगलवार को जिले में खाद के सुगमता से वितरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के माध्यम से किसानों को उर्वरक उपलब्धता की सूचना भी मिलेगी। साथ ही दूरभाष नम्बर 07682-796541 पर सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे के मध्य कॉल करने पर उर्वरक संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाएगा। डीडीए डॉ. बीपी सूत्रकार ने बताया कि कंट्रोल रूम का प्रभारी अशोक सिंह, सहायक अधिकारी एसके मिश्रा को नियुक्त किया गया है। तीन सहायक के रूप में राहुल तिवारी, नेहा शुक्ला और केके चौरसिया की ड्यूटी लगाई गई है।

न्यायाधीश ने किया उप जेल का निरीक्षण

# विधिक साक्षरता शिविर में कैदियों को दी कानून की जानकारी




**गंजबासौदा, देशबन्धु।** विधिक सेवा समिति के तत्वाधान में उप जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें न्यायाधीश अशोक भारद्वाज व प्रथम व्यवहार न्यायाधीश शशांक सिंह ने उप जेल का निरीक्षण किया। न्यायाधीशों ने कैदियों को संविधान के अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कानून से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी गई। उप जेल प्रभारी आलोक भार्गव ने जेल की व्यवस्थाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया बी उप जेल बासौदा को उनके कार्यकाल में व्यवस्थित साफ एवं सफाई के मामले में आइ एस ओ प्रमाण पत्र मिला हुआ है। समाजसेवी सुनील बाबू पिगले ने कैदियों को अपराध की पुनरावृत्ति न करने का संकल्प दिलाया। अधिवक्ता राजेश सक्सेना ने कैदियों को निशुल्क सहायता एवं अन्य विधिक जानकारी से अवगत कराया।

# पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण 10 को

**विदिशा, देशबन्धु।** प्रदेश में विदिशा सहित 16 जिलों में 10 से 12 दिसम्बर तक पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण क्रियान्वयन किया जाएगा। इस अवधि में 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को बच्चों को पल्स पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जायेगी। पोलियो के केस पड़ोसी देशों में मिलने के कारण और साथ ही पोलियो-फ्री स्टेटस को मेंटेन रखने के लिए पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण विदिशा जिले में पल्स पोलियो अभियान के तहत 10 दिसंबर रविवार को शून्य से 5 वर्ष आयु के लक्षित दो लाख चौबीस हजार आठ सौ पचपन बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। इनमें शहरी क्षेत्र में बाबन हजार सात सो इकतीस और ग्रामीण क्षेत्रों में एक लाख बहत्तर हजार एक सो चौबीस सहित कुल एक हजार सात सो बाइस टीकाकरण बूथ बनाए जाएंगे।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान एसएनआईडी 10 दिसंबर से 12 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया जाना है का क्रियान्वयन सुव्यवस्थित रूप से हो सके इसके लिए संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को शत प्रतिशत पोलियो की खुराक दी जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बैठक में कहा कि पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत जिले में शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को चिन्हित कर शत प्रतिशत पोलियो की खुराक दिया जाना सुनिश्चित करें इसके लिए ग्राम स्तरीय अमले के द्वारा माइक्रो प्लान तैयार कर कार्यों का क्रियान्वयन किया जाए कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे का विशेष ध्यान रखें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ डीके शर्मा ने पल्स पोलियो अभियान के संबंध में बताया कि सभी विकासखंडों से अपने-अपने ग्राम स्तरीय माइक्रो प्लान भेजने हेतु निर्देशित किया गया है। डब्लूएचओ के एसएमओ डॉ सागर जावेदी ने सभी खंड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारियों को अच्छी तरह से सर्वे कर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों की सूची तैयार करने हेतु एवं कार्यक्रम की सघन मानिटरिंग का सुझाव दिया जिससे कोई बच्चा शून्य से पांच वर्ष तक का वंचित न रहे।

## सुहानी ने कर्नाटक में राष्ट्रीय एकता शिविर में की सहभागिता



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई की स्वयंसेवक सुहानी उपाध्याय ने कर्नाटक में राष्ट्रीय एकता शिविर में अपनी सहभागिता दी। यह कैंप 23 से 28 नवंबर तक कर्नाटक में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने उन्हें बधाई दी और कहा कि यह महाविद्यालय के लिए विशेष उपलब्धि है। इस शिविर में 10 से अधिक राज्यों ने अपने संस्कृति, नृत्य और संगीत के रूप में दिखाए। सुहानी ने एकल नृत्य से सभी का मन मोह लिया। यह शिविर कर्नाटक के विश्वविद्यालय पीजी सेंटर कोडीबाग में हुआ था। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर राकेश मेहता, राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई की कार्यक्रम अधिकारी मीरा यादव, डॉ पीके अग्रवाल एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## अंजलि और सुरभि ने बरकतुल्ला विवि की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया





**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी के भूगोल विभाग के स्नातकोत्तर कक्षा के दो विद्यार्थियों ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। इस मेरिट सूची में अंजलि शर्मा ने 78 प्रतिशत स्कोर कर प्रथम स्थान पर एवं सुरभि ने 76 प्रतिशत स्कोर कर चतुर्थ स्थान प्रथम प्राप्त किया है। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि विभाग के दोनों ही विद्यार्थी बहुत ही होनहार एवं लग्नशील हैं, इन विद्यार्थियों ने नियमित रूप से कक्षाओं को उपस्थित होकर अध्ययन किया और यह सफलता प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं कहा कि अगर आप लोग इसी प्रकार से पूरी लगन से मेहनत करते रहे तो आप एक दिन सफलता की ऊंचाइयों को जरूर प्राप्त करेंगे।

# छात्रा का राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयन




**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की छात्रा और शहर की बेटी रानू दांगी का मप्र खो-खो टीम की ओर से राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। प्री नेशनल कैम्प राजगढ़ में 5 दिसम्बर से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भाग लेने रानू दांगी प्रशिक्षक कपिल गौड़ के साथ रवाना होगी। खो-खो राष्ट्रीय प्रतियोगिता नासिक महाराष्ट्र में सम्पन्न होगी।

खेल प्रशिक्षक कपिल गौड़ ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित शालेय खेलकूद प्री-नेशनल कैम्प का आयोजन राजगढ़ किया जा रहा है। 67 वीं राष्ट्रीय शालेय आयु वर्ग 19 वर्ष बालिका खो-खो प्रतियोगिता नासिक में 12 से 16 दिसम्बर 23 तक आयोजित होगी। विद्यालय की छात्रा रानू दांगी के राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर संस्था में डायरेक्टर केएस यादव, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, प्रभारी प्रियंका अग्रवाल, एनएसएस प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान, कपिल गौड़, अनुज गुप्ता, प्रीति माथुर, मनोज श्रीवास्तव, विवेक दुबे, दीपेश मीणा, विक्रांत सोनी, राज सोनी, नेहा सक्सेना सहित शिक्षक परिवार ने सम्मान किया।

## राजीव मेमोरियल स्कूल के छात्र को राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** राजीव मेमोरियल स्कूल के छात्र मानव कुशवाह ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भोपाल सम्भाग की टीम ने पन्ना में अयोजित 67वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त नगर व संस्था के साथ ही अपने माता पिता का नाम रोशन किया। संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर एके जैन ने कहा कि खेलो को खेल की भावना से खेलना चाहिए संस्था प्राचार्य कविता अग्रवाल ने बताया कि कबड्डी खेल हमारे देश का प्राचीन खेल है और कबड्डी की महारत को सभी ने स्वीकार किया है। संस्था के खेल प्रशिक्षक रूपेश अहिरवार की उपस्थिति में छात्र मानव कुशवाह ने पांच दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त। इस मौके पर संस्था प्रधानध्यपक मनोहर कुर्मी क्लास टीचर संगम रघुवंशी, वरिष्ठ शिक्षिका मंजू भारद्वाज, रवि कुशवाह, रामसेवक कुर्मी, मंजू कुशवाह सहित समस्त स्टाप ने छात्र को अपने स्कूल की तरफ से पुरस्कार दिया।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य के घर चोरी का नहीं लगा सुराग, एसपी को सौंपा ज्ञापन

**मुरैना, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नैनागढ़ रोड पर रहने वाली भाजपा की पूर्व जिला पंचायत सदस्य के घर से दो सप्ताह पूर्व सुनसान मकान देखकर अज्ञात चोर डेढ़ लाख से अधिक का माल चोरी कर ले गए। पुलिस द्वारा इस मामले में अभी तक चोरों का सुराग नहीं लगाए जाने पर भाजपा नेताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर चोरी का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।

बताया जाता है कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य बिट्टी बाई पत्नी राजेश खटीक निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नैनागढ़ रोड मुरैना 18 नवंबर को परिवार सहित भाई की सगाई हेतु भिंड जिले के गोहद गए हुए थ। 20 नवंबर की रात को अज्ञात चोरों ने मेन गेट का ताला तोडक़र घर में प्रवेश किया और सोने चांदी के जेवर, नगदी, बोरवेल की मोटर, गैस सिलेंडर, कपड़ों से भरा बैग आदि सामान चोरी कर ले गए। घटना की सूचना दूसरे दिन सुबह पड़ोसी धर्म सिंह तोमर ने उन्हें फोन से दी और वह दौड़ते हुए घर पहुंचे तो पूरा कमरा बिखरा हुआ पड़ा था। इस संबंध में तत्काल हंड्रेड डायल को फोन किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई, पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। फरियादी एवं भाजपा नेताओं ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से ज्ञापन देकर चोरी का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।



## तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलटी, एक मृत

**बमीठा, देशबन्धु।** एनएच 39 पर स्थित बागेश्वर घाम गढ़ा तिगैला के पास एक तेज रफ्तार इंडिका कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई है। इंडिका कार का नम्बर एमपी 35 सीए 0656 बताया गया हूं। इस कार में पांच लोग सवार थे, जिसमें से एक की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतक के शव सहित घायलों को एनएचएआई की एम्बुलेंस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां शव का पोस्टमार्टम किया गया। सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है।

IN THE COURT OF XXII CIVIL JUDGE CLASS-I,
DISTRICT COURT, JABALPUR
**Presiding Officer - विश्वेश्वरी मिश्रा**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
RCS A/0000765/2021)
Process Id-926/2023 पेशी दिनांक- 19/12/2023

**नोटिस-** गोविन्द्र तिवारी तनय .... **वादी विरूद्ध** अनीता तिवारी ...... **प्रतिवादी।** प्रेषिती-1. अंजना तिवारी पति स्व. विजय तिवारी पुत्रबधु स्व. चंदुलाल तिवारी पता- पोस्ट ऑफिस के पास मंडीदीप रायसेन जिला रायसेन मध्यप्रदेश, 2. अलका तिवारी पति स्व. अरविंद तिवारी पुत्रबधु स्व. चंदुलाल तिवारी पता- पोस्ट ऑफिस के पास मंडीदीप रायसेन जिला रायसेन मध्यप्रदेश। यह कि प्रार्थी गोविन्द तिवारी तनय ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 5 नियम 20 सीपीसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 27 अक्टूबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया हैं।

**(श्रीमति विश्वेश्वरी मिश्रा)**
**बाईसवें सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
मोहर **जबलपुर (म.प्र.)**

## स्वैच्छिक सेवा दिवस पर विद्यार्थियों ने चलाया सफाई अभियान



**इटारसी, देशबन्धु।** राज्य आनंद संस्थान द्वारा जिला स्तर पर 5 दिसंबर को जिला स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत जिला परियोजना समन्वयक नर्मदापुरम ने समस्त शैक्षणिक संस्थान को भी इसमें भाग लेने के लिए पत्र जारी किया था। इसके अंतर्गत न्यास बायपास रोड स्थित जीनियस प्लानेट स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने ग्राम सोनासांवरी में सड़क एवं आसपास के एरिया में साफ सफाई कर अपना योगदान दिया। इस अवसर पर जीनियस प्लानेट स्कूल के प्राचार्य विशाल शुक्ला ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस पर उक्त आयोजन हमने संपन्न कराया है, जिसमें सभी ने खुशी-खुशी अपनी भागीदारी की। निदेशकद्वय जाफ़र एवं मनीता सिद्दीकी ने कहा कि सफाई तो हमेशा बनाए रखनी चाहिए। यदि आसपास गंदगी होती है तो कई बीमारियों को न्यौता देती है। विद्यार्थियों को भी उन्होंने कहा कि अपने आसपास गंदगी देखें तो उसकी भी सफाई रखें।

# ट्रैक्टर से मेढ़ तोड़ी, विरोध करने पर दबंगों ने की मारपीट

▶ महिला ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की सबलगढ़ तहसील के कुल्हौली गांव में दबंग आरोपियों ने ट्रैक्टर से एक दलित महिला के खेत की मेड तोड़ दी तथा विरोध करने पर उसकी जाति सूचक गालियां देते हुए जमकर मारपीट की एवं धारदार हथियार से चोट पहुंचाई, जिससे वह गंभीर घायल हो गई। सबलगढ़ पुलिस द्वारा दलित महिला की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई तथा उसे हरिजन थाना मुरैना भेज दिया गया। पीड़ित वृद्ध महिला ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित दलित वृद्ध महिला वैजयंती जाटव पत्नी लालराम जाटव निवासी कुल्हौली ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती आवेदन में बताया कि 7 नवंबर की शाम आरोपी महेश, मुरारी, सुनील, अन्ने बैरागी, संजय बैरागी आदि ने ट्रैक्टर से उसके खेत की मेड तोड़ डाली तथा विरोध करने पर जाति सूचक गालियां देते हुए बाल पकडक़र लात घूसों से जमकर मारपीट की एवं धारदार हथियार से चोट पहुंचाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज पश्चात महिला परिजनों के साथ सबलगढ़ थाने पहुंची तो वहां एफआईआर दर्ज नहीं की गई तथा मुरैना हरिजन थाने भेज दिया, यहां भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित वृद्ध महिला ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### दहेज में सोने की चेन न मिलने पर मारपीट कर घर से निकाला

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की अंबाह तहसील के जय सिंह का पूरा गांव में दहेज में सोने की चैन ना लाने पर महिला की मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित सुनीता पुत्री रामनिवास निवासी हरहर का पुरा अंबाह का विवाह 9 मई 2022 को जय सिंह का पुरा निवासी युवराज उर्फ बाबू के साथ हुआ था और सुनीता के पिता ने दहेज में दो लाख नगद मोटरसाइकिल एवं जेवर दिए, इसके बावजूद भी ससुरालीजनों का मन नहीं भरा और आए दिन दहेज के लिए प्रताड़ित कर मारपीट करने लगे। 2 दिसंबर 2023 को सुनीता का भाई शैलेंद्र उसे ससुराल छोड़ने गया तो आरोपी युवराज, जेठानी कृष्णा देवी, नंद फूलन देवी आदि ने सोने की चैन लाने की बात कही और घर पर ना आने को कहा। पीड़ित महिला ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### ग्राफिक डिजाइनर की टीआईटी परिसर से बाइक चोरी

**मुरैना, देशबन्धु।** कोतवाली क्षेत्र के टीआईटी कंपलेक्स राधिका पैलेस के सामने समाचार पत्र के दफ्तर के बाहर खड़ी ग्राफिक डिजाइनर की एक मोटरसाइकिल को चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने आवेदन लेकर मामले की जांच आरंभ कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश पुत्र रामगोपाल सिकरवार निवासी नैनागढ रोड समाचार पत्र के दफ्तर में ग्राफिक डिजाइनर का काम करते हैं। सोमवार की रात्रि लगभग 12:00 बजे के आसपास वह ऑफिस में काम कर रहे थे, तभी दफ्तर के बाहर खड़ी उनकी मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर एमपी 06 एमबी 2197 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जब ऑफिस बंद कर वह बाहर निकले तो मौके से बाइक गायब थी। आसपास तलाशने पर नहीं मिलने के बाद कोतवाली पुलिस को आवेदन दिया गया, पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### महाविद्यालय में एड्स जागरुकता पखवाड़े में निकाली गई रैली



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार एड्स जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत रेड रिबन क्लब द्वारा प्राचार्य डॉक्टर वर्षा खुराना के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम चंदोरा खुर्द तक एड्स जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापको एवं विद्यार्थियों द्वारा घर-घर जाकर एड्स बीमारी के कारण एवं बीमारी से बचने के तरीके के बारे में जानकारी दी गई। इस संबंध में डॉक्टर एल एल राउत और डॉक्टर सविता बघेल ने बताया कि एड्स के कारण और इसके बचाव की जानकारी हर व्यक्ति को होनी चाहिए। ताकि इस जानलेवा बीमारी से बचा जा सके और इसे बढ़ने से रोका जाए। बिना जन जागृति के इस बीमारी को रोक पाना असंभव है।

### राष्ट्रीय शालेय ताईक्वांडो प्रतियोगिता 31 से बैतूल में

बैतूल, देशबन्धु। 67वीं राष्ट्रीय शालेय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर से 5 जनवरी 2024 तक बैतूल में किया जाएगा। यह बड़े गौरव की बात है कि इस राष्ट्रीय शालेय स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी बैतूल को मिली है। बैतूल इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। तैयारियों को लेकर 6 दिसंबर 2023 को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रतियोगिता की बिंदुवार रूपरेखा तैयार की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 67वीं राष्ट्रीय शालेय ताईक्कांडो प्रतियोगिता 31 दिसंबर 2023 से 5 जनवरी 2024 तक आयोजित की जाएगी। 67वीं राष्ट्रीय शालेय ताईक्कांडो प्रतियोगिता में 14,17 एवं 19 वर्ष के बालक-बालिका हिस्सा लेंगे।

### जल आवर्धन योजना में देरी को लेकर प्रदर्शन करेगी आप

**सारनी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद सारनी के 36 वार्डों में एक अरब दो करोड रुपए की लागत से जलआवर्धन योजना के तहत पानी पहुंचाने की योजना तैयार की गई। इस परियोजना को वर्ष 2019 में तैयार हो जाना था, लेकिन अभी तक नहीं हो पाई। यह आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रभारी अजय सोनी पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि वर्ष 2016-17 में जल आवर्धन योजना का कार्य पूरा हो जाना था लेकिन वर्ष 2023 का दिसंबर महा चल रहा है और अभी तक जल आवर्धन योजना के अंतर्गत झुगी झोपड़ियों में नल कनेक्शन पूर्ण रूप से नहीं दिए गए हैं और जिन स्थानों पर दिए गए हैं वहां सप्ताह में एक बार पानी की आपूर्ति की जा रही है। इस तरह कार्य योजना में देरी करके भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है इसको लेकर जल्द ही आम आदमी पार्टी नगर पालिका और जल आवर्धन योजना के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगी।

### दिन में धूप खिलने से राहत मिली, शाम को तापमान में गिरावट से सर्दी बढ़ी

**छतरपुर, देशबन्धु।** लगातार आठवें दिन मौसम का मिजाज बिगडा हुआ है। मंगलवार को सुबह आसमान में कोहरे की पर्त छाई रही। दिन चढने के साथ कुछ देर के लिये बादल छंटने से तापमान में गिरावट आ गई। जिससे लोगों को सर्दी का एहसास ज्यादा होने लगा है। लगातार कई दिनों से आसमान में बादल छाये रहने और कोहरे के साथ बारिश होने के कारण सामान्य जनजीवन पर तेजी से असर पडा है। लोग सर्दी से परेशान होकर गर्म कपडे पहनकर या आग तापकर सर्दी से राहत पाने के प्रयास कर रहे हैं। मंगलवार को सर्दी के कारण सुबह के समय सडकों पर वाहनों की आवाजाही कम रहने से हाइवे के व्यस्त चौराहों और तिराहों पर कुछ सन्नाटा सा नजर आया है। जिन खेतों में बुवाई नहीं हो पाई थी, वे खेत बारिश से गीले हो गये हैं।

कान में लगा रखा था ईयरफोन, पटरी पार करते समय हुआ हादसा, जिला अस्पताल में किया भर्ती

# पटरियों के बीच में पड़ा रहा युवक, ऊपर से गुजर गई मालगाड़ी

**सारनी, देशबन्धु।** कान में ईयरफोन लगाकर रेलवे ट्रैक पर गाना सुनते हुए पटरी पार करना एक युवक को उस वक्त भारी पड़ गया जब वह ट्रेन की चपेट में आ गया और एक-एक करके पूरे 52 डिब्बे उसके उपर से गुजर गए। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार वेकोलि के अस्पताल में देने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। युवक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर को 12:30 बजे के लगभग पाथाखेड़ा के वार्ड क्रमांक 16 में रहने वाला 22 वर्षीय देवेंद्र नरवरे काली मंदिर दर्शन के लिए जा रहा था तभी यह घटना हुई। जहां घटना हुई वहां रेलवे ट्रेक घुमावदार है। जिसके कारण भी उसे मालगाड़ी आती नजर नहीं आई। हालांकि मालगाड़ी की स्पीड कम थी, जिससे वह टकराकर दोनों पटरियों के बीच गिर गया। इस दौरान वह जमीन से चिपका रहा। जिसके बाद एक एक कर मालगाड़ी के 52 डिब्बे उसके ऊपर से गुजर गए। आस पास के लोगों ने घायल युवक को वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के एरिया अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया जहां पर ज्यादा चोट होने की वजह से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वेकोलि अस्पताल के माध्यम से पाथाखेड़ा पुलिस को तहरीर भेज दी गई है इस तहरीर में युवक को गंभीर रूप से घायल होने की वजह से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजना बताया गया है।





**क्या है पूरा मामला:** 22 वाषीय देवेंद्र पाथाखेड़ा के वार्ड क्रमांक 16 में निवास करता है और रेलवे पटरी से पैदल जाकर काली मंदिर में माता रानी के दर्शन करना चाह रहा था लेकिन रेलवे ट्रैक पर कान में हेडफोन लगे होने की वजह से और हेडफोन में तेज आवाज से गाना सुनने की वजह से देवेंद्र को खाली रेल मालगाड़ी की आवाज सुनाई नहीं दी हालांकि रेल के ड्राइवर लगातार हरण बजाते रहे लेकिन जब तक देवेंद्र कुछ समझ पाता तब तक वह मालगाड़ी की चपेट में आ गया था। मालगाड़ी के डिब्बो के बीचो-बीच होने की वजह से मालगाड़ी उस पर से गुजर गई लेकिन उसे गंभीर चोट लगी हुई है। गंभीर चोट होने की वजह से आसपास के प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल वेकोलि के एंबुलेंस को फोन करके मौके पर बुलाया। काली माई मंदिर के समीप में 22 वर्षीय देवेंद्र गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी विश्व हिंदू परिषद के ललन यादव और उनके साथियों को लगी तो वह मौके पर पहुंचकर घायल युवक को वेकोलि के अस्पताल ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाने ले गएउसके बाद घायल को युवक को जिला अस्पताल रेफर करवाया गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में देवेंद्र को अस्पताल पहुंचने में विश्व हिंदू परिषद के ललन यादव सहित उनके साथियों का बहुत अच्छा योगदान रहा है।

## यातायात पुलिस ने चलाया हेलमेट जागरूकता अभियान



**बैतूल, देशबन्धु।** शोरूम पर मोटर साइकल खरीदने पहुंचे ग्राहक उस समय अचंभित रह गये जब शोरूम पर यातायात पुलिस के प्रभारी गजेंद्र केन अपने स्टाफ़ के साथ पहुंचे और उन्होंने गाड़ी चलाते समय हेलमेट के उपयोग पर ग्राहकों को समझाया साथ ही अपने ही हाथों से उन्हें हेलमेट पहनाकर अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना क्यों ज़रूरी है इस विषय पर अपनी बात रखी। वहां उपस्थित ग्राहकों ने बड़े ही ध्यान से यातायात पुलिस की बातें सुनी। इस अवसर पर शोरूम के संचालक राजेश आहूजा भी वहां उपस्थित थे। उन्होंने भी दुपहिया वाहन चलाने वाले एवं उनके पीछे बैठने वाले दोनों ही लोगों द्वारा हमेशा हेलमेट लगाकर ही गाड़ी चलाने को कहा गया जिससे उनकी जान की सुरक्षा भी होगी और यातायात के नियमों का पालन भी हो सकेगा।

### नेशनल हाईवे 47 पर चिचंडा के पास पुलिया पर चढ़ी बस, बड़ा हादसा टला, 15 लोग घायल



**मुलताई, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे 47 पर मंगलवार सुबह करीब 5 बजे भोपाल ट्रेवल्स की एक बस जो यात्रियों को लेकर नागपुर की ओर जा रही थी, अचानक से चिचन्डा के पास हाईवे की एक पुलिया पर चढ़ गई। गनिमत रही की बस पुलिया की दूसरी तरफ नही पलटी अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। हादसे के तत्काल बाद मौके पर एंबुलेंस और पुलिस बल पहुंच गया था। बताया गया की बस में करीब 50 से अधिक यात्री सवार थे, सुबह कोहरा होने और ड्राइवर द्वारा तेज गति से बस चलने के कारण यह हादसा हुआ, हादसे के बाद ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़ कर भाग खड़े हुए। हादसे में कुछ यात्रियों के घायल होने पर उन्हें तत्काल एंबुलेस से मुलताई के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

## माथनी के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन



**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत माथनी के ग्रामीणों द्वारा मंगलवार बैतूल कलेक्ट्रेट पहुंचकर मध्य प्रदेश विद्युत वितरण मंडल एवं जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही बरतते हुए कोई सुनवाई नहीं किए जाने की शिकायत करते हुए ज्ञापन सौपा। जिसमें बताया गया की ग्राम महतपुर, पार बिरोली के कृषक माथनी जलाशय के कमांड एरिया में नहीं आते, जिनके खेतों की दूरी 5 से 6 किलोमीटर है, जो बड़ी मोटर से पानी ले जाने का प्रयास करते हैं, विद्युत मंडल एवं जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों द्वारा ग्राम पंचायत माथनी के कृषकों की अवहेलना करते हुए उनके विरोध के बाद भी दूसरे गांव वालो को बिजली और पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे अन्य ग्राम के कृषकों के साथ दोनों विभाग के कर्मचारियों की सांठ गांठ दिखाई देती है। दूसरे गांव के कृषकों को बिजली पानी उपलब्ध कराए जाने के चलते हर दिन वाद विवाद की स्थिति बन रही है। कई बार शिकायत किए जाने पर भी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं देने से नाराज होकर माथनी के सभी ग्रामीणों ने बैतूल जिला कलेक्टर पहुंचकर इस संबंध में उचित कार्रवाई करने हेतु ज्ञापन सौपा।

## देशमुख के विजय जुलूस में शामिल हुए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता

**मैं अपने क्षेत्र में विकास करने के लिए संकल्पित हूं: चन्द्रशेखर**

**मुलताई,देशबन्धु।** विधानसभा के चर्चित चुनाव के बाद जिले में भाजपा को मिली अभूतपूर्व सफलता से ओत प्रोत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में विशाल विजय जुलूस निकाला गया। नवनिर्वाचित विधायक चंद्रशेखर देशमुख के विजय जुलूस में हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। दोपहर 1 बजे नगर के भाजपा कार्यालय से शुरू हुआ विजय जुलूस नागदेव मंदिर, बिरुल नाका, कामधेनू चौक, बस स्टेंड, जय स्तंभ चौक होते हुए बजरंग दल चौक पहुंचा। जहा देर शाम आम सभा को विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैं विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। आप लोगों ने मुझे चुना और सेवा का मौका दिया है। मैं जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हूं मैं अपने क्षेत्र में विकास करने के लिए संकल्पित हूं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को बधाई देते हुए जमकर गुलाल लगाया और मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।





### श्रद्धा और धूमधाम से मनाई भैरव जयंती

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान परशुराम चौक सागौन बाबा दरबार में सागौन बाबा दरबार निराला समिति द्वारा भगवान बटुकनाथ काल भैरव जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर समिति के सदस्य अनिल कुबड़े ने बताया कि मंगलवार को भगवान बटुकनाथ काल भैरव जयंती के उपलक्ष्य में श्री बटुकनाथ काल भैरव का अभिषेक, हवन-पूजन और श्रृंगार, उत्सव आयोजित किया गया। दोपहर प्रसादी वितरण और भण्डारे का आयोजन भी किया किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ बाबा भैरव का दर्शन लाभ और प्रसादी ग्रहण की।

## गायत्री परिवार के योग एवं प्राकृतिक उपचार और आहार शिविर का शुभारंभ



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के कुंबी समाज भवन में गायत्री परिवार द्वारा प्रज्ञा आरोग्यम केंद्र आंवलखेड़ा के तत्वावधान में मंगलवार को प्राकृतिक उपचार शिविर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। शिविर में प्राकृतिक उपचार करने आवलखेडा(आगरा) से पधारे पन्नालाल,नंदू,जितेंद्र, प्रज्ञेय, रामसेवक ,रूपेंद्र, महेश, पुष्पेंद्र एवं महिला टीम संगीता ,शशि,मधु बहन द्वारा 62,महिला एवं पुरुष शिविरार्थियों का प्राकृतिक उपचार 10 दिसंबर तक किया जाएगा।वहीं जीवन को स्वस्थ बनाए रखने के गुर भी सिखाए जाएगे। शिविर का शुभारंभ गायत्री परिवार के कार्यकर्ता गुलाब राव चिल्हाटे,जिला समन्वयक भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, रामकिशोर शिवहरे, सम्पत राव धोटे,संजू बरोदे, अमरतलाल बारंगे, यादोराव निंबालकर,मानिकराव देशमुख,घनश्याम साहू,नारायण देशमुख,योगेश साहू,रामदास देशमुख,रेखा पवार, मीरा देशमुख, मोहिनी सूर्यवंशी,डॉ ज्ञानदेव मानकर सहित गायत्री परिवार के कार्यकर्ता की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित शिवरार्थी प्राकृतिक उपचार से विभिन्न बीमारियों से छुटकारा पाने स्वास्थ्य लाभ ले रहें है।प्राकृतिक उपचार के क्रम में शिविरार्थियों को एनिमा,जल नेति,मिट्टी पट्टी लपेट, एक्यूप्रेशर पॉइंट एक्यूप्रेशर पॉइंट के द्वारा विभिन्न बीमारियों से निजात पाने के तरीके एवं प्राकृतिक आहार लेने एवं प्राकृतिक जीवन जीने की कला बताई गई।

पंचकल्याणक महामहोत्सव के दौरान आयोजित किए जा रहे धार्मिक कार्यक्रम

## जैन मुनि ने संलेखना से ली समाधि, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

*__छतरपुर, बक्सवाहा, देशबन्धु।__ जैन सिद्ध क्षेत्र नैनागिर (रेशंदीगिरी) में पंचकल्याणक महामहोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी दौरान जैन मुनि विश्ववीर सागर महाराज ने सल्लेखना से समाधि ले ली है। उनके दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।*

*कार्यक्रम के दौरान विधि विधान से इंद्रसभा का आयोजन किया गया। संपूर्ण पंचकल्याणक में प्रख्यात जैन संत आचार्य विराग सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। बताया गया है कि मंगलवार को सुबह आचार्य संघ के एक मुनि विश्ववीर सागर महाराज की संलेखना हो गई ! सुबह करीब 9 बजे संलेखना (समाधि ) महोत्सव बेला की क्रिया संपन्न हुई जिसमें क्षेत्रीय जैन समाज की भूमिका खास रही।मुनि विश्ववीर सागर महाराज की समाधि में राष्ट्रसंत गढाचार्य विराग सागर महाराज ने कहा कि ये खास संयोग है कि पंचकल्याणक के शुभ अवसर पर मुनि विश्ववीर सागर महाराज के जीवन का कल्याण हुआ है। मुनिश्री की संलेखना में गुरुदेव गढाचार्य विराग सागर महाराज ससंघ, क्षेत्रीय जैन समाज सहित नैनागिर कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहै। यहां बता दे कि 32 पिच्छी के सानिध्य में संलेखना हुई है। गुरुदेव के नेतृत्व में यह 142वी संलेखना थी।*



*__मुनि विश्ववीर सागर का जीवन परिचय :__ दमोह जिले के हटा निवासी मुनि विश्ववीर सागर का पुराना नाम रमेश चंद्र जैन था। बीए तक शिक्षित होकर वे बैंक में सरकारी नौकरी करने लगे थे। इसी समय उन्हें प्रेरणा ही कि वे सांसारिक जीवन से सन्यास लेकर साधक बन जाएं। ये विचार मन में आते ही उन्होंने ब्रह्मचर्यव्रत और मुनिदीक्षा भिंड में 1997 - 98 में गुरु गढाचार्य विराग सागर महाराज से ली। दीक्षा के बाद उनको विश्ववीर सागर नाम दिया गया। उन्होंने तमाम जैन शास्त्रों का अध्ययन किया। 25 वर्ष की साधना के पश्चात मुनि विश्ववीर सागर महाराज नैनागिर सिद्ध क्षेत्र में सल्लेखना से समाधिस्त हुए है।*

## सार समाचार

### विधायक डॉ. शर्मा ने मुख्यमंत्री से मिलकर दी बधाई



**इटारसी, देशबन्धु।** विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने आज राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के आला प्रदर्शन के लिए उनको बधाई दी। उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में भाजपा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को चेहरा नहीं बनाया था, लेकिन चुनाव अघोषित रूप से उनके चेहरे पर ही लड़ा गया। शिवराज सिंह चौहान की योजनाओं को आगे रखकर ही चुनाव प्रचार चला और भाजपा ने बंपर जीत हासिल की। विधायक डॉ. शर्मा ने मुख्यमंत्री को ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी है। इस अवसर पर नगर भाजपा महामंत्री राहुल चौरे भी विधायक के साथ मुख्यमंत्री से मिले।

### एसडीएम धान खरीदी एवं खाद वितरण की सतत निगरानी करें : कलेक्टर



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। सभी डबल लॉक केंद्रों से किसानों को खाद का सुचारू रूप से वितरण किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी एसडीएम को दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में खाद वितरण और धान खरीदी की नियमित मॉनिटरिंग करें। खरीदी केंद्रों का सतत निरीक्षण करते रहें। खरीदी में किसानों को कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित प्रकरणों का भी निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि सभी तहसील मुख्यालय पर पटवारी की बैठक बुलाई जाए। स्वामित्व योजना के तहत ग्राउंड ट्रूथिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने सीमांकन के प्रकरणों की भी तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सिवनीमालवा, सोहागपुर और पिपरिया को सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण में विशेष ध्यान देने की निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देशित किया कि सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# इस साल फिर 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में घटेगी गेहूं, बढ़ेगा चने का रकबा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** इस वर्ष जिले में रबी फसल के लिए कृषि विभाग ने लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। निर्धारित लक्ष्य में गेहूं के रकबे को कम कर चना के रकबे में एक बार फिर 5 हजार 600 हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की है। बीते वर्ष भी चने का रकबा लगभग लगभग 12 हजार हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की थी। वहीं गेंहू में रकबे में 10 हजार हेक्टेयर की कमी की है बीते वर्ष गेंहू के रकबे में करीब 17 हजार हेक्टेयर की कमी की गई थी। जिले में विभाग के आंकड़े बताते हैं कि बीते कुछ वर्षों से लगातार गेहूं के आंकड़े घट रहे हैं, लेकिन उत्पादकता बढ़ रही है। बीते वर्षों की बात करें तो वर्ष 2019-20 में 3 लाख 08 हजार 22 हेक्टेयर में गेहूं की उत्पादकता 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रही थी। वर्ष 2020-21 में रकबा घटा कर 2 लाख 98 हजार 33 कर दिया गया जिसके बाद भी गेहूं की उत्पादकता 49 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रही। वर्ष 2021-22 में गेहूं का रकबा 2 लाख 75 हजार करने के बावजूद गेंहू की बंपर पैदावार हुई थी। वहीं इस वर्ष 2022-23 के लिए एक बार फिर गेहूं का रकबा घटाया गया था जिसके बाद भी गेहूं की उत्पादकता 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रही थी। इस वर्ष 2023-24 के लिए फिर एक बार गेहूं का रकबा घटाया जा रहा है। इस वर्ष गेंहू के रकबे में 10 हजार हेक्टेयर की कटौती की गई है। अब गेंहू की बोवनी 2 लाख 46 हजार 800 हेक्टेयर में करने का अनुमान लगाया जा रहा है। अभी तक गेंहू की 73.06 प्रतिशत बोवनी की जा चुकी है।



### चने के रकबे के साथ बढ़ी उत्पादकता

जिले में गेंहू का रकबा कम कर चने का रकबा लगातार कुछ सालों से बढ़ता आ रहा है। हर साल रकबे के साथ चने की उत्पादकता में भी बढ़ोतरी होती आई है। वर्ष 2019-20 में 12 हजार 92 हेक्टेयर में चने की उत्पादकता साढ़े 24 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रही थी। वर्ष 2020-21 में चने का रकबा बढ़ाया गया था। वर्ष 2021-22 में रकबा 24 हजार 23 हेक्टेयर किया गया जिसमें उत्पादकता 25 क्विंटल प्रति हेक्टेयर प्राप्त हुई थी। वर्ष 2021-22 में चने का रकबा बढ़ाकर 48 हजार 551 हेक्टेयर किया गया, जिसमें उत्पादकता अनुमानित साढ़े 25 क्विंटल प्रति हेक्टेयर प्राप्त होने की संभावना जताई गई थी। वर्ष 2022-23 में चने का रकबा एक बार फिर बढ़ाकर 64 हजार 400 हेक्टेयर कर दिया गया था। वहीं इस वर्ष 2023-24 के लिए फिर से चने का रकबा बढ़ाकर 70 हजार हेक्टेयर करने का मन बनाया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि इस वर्ष 2023-24 में फिर एक बार चने का रकबा करीब 5 हजार हेक्टेयर बढ़ाकर 70 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में करना प्रस्तावित है।

### आंकड़ों के अनुसार रबी सीजन की सभी फसलों की प्रस्तावित स्थिति (रकबा हजार हेक्टेयर में)

| फसल | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|
| गेहूं | 256.98 | 246.80 |
| चना | 64.40 | 70.00 |
| मसूर | 0.81 | 3.00 |
| मटर | 0.77 | 1.00 |
| सरसों | 1.78 | 4.00 |
| अलसी | 0.66 | 0.70 |
| गन्ना | 4.50 | 4.50 |

### अच्छी बारिश पर्याप्त पानी=

इन दिनों रबी फसलों की बोवनी जारी है। कुछ जगह तो खेतों में गेहूं की फसल लहलहाने लगी है। खेत हरे भरे दिखाई देने लगे हैं। कई क्षेत्रों में दो सप्ताह पहले ही गेहूं की बोवनी हो चुकी है। इस बार जिले में कुल 3 लाख 30 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसलों की बोवनी की जाएगी। किसान हर्ष ने बताया कि गेहूं की बोवनी कर दी है। अब फसल में पानी देने का कार्य जारी है। इस बार पर्याप्त बारिश होने से पानी की समास्या भी नहीं होगी। जिसके कारण कई जगह अधिकांश क्षेत्रों में किसानों द्वारा गेहूं की फसल लगाई है। कम बारिश के कारण कई जगह किसान चने की फसल लगाते है लेकिन इस बार औसत से अधिक बारिश हुई है। बता दें कि जिले में रबी फसल की बोवनी लगभग 2 लाख 65 हजार 440 हेक्टेयर क्षेत्र में हो चुकी है।

### बड़े किसान तैयारी में जुटे

जिले के साधन संपन्न बड़े किसानों ने रबी फसल के लिए तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बीज, खाद और अन्य जरूरी चीज एकत्रित कर ली हैं। हालांकि छोटे किसान भी बीज, खाद और अन्य संसाधन जुटा कर बुवाई की तैयारी में लगे हैं। तो कई जगह किसानों ने बोवनी भी कर दी है। बता दें कि जिले में खरीफ फसल की कटाई पूरी हो चुकी है। अब किसान रबी फसल की तैयारियों में जुट गए हैं।

# सूबेदारगंज-सिकंदराबाद-सूबेदारगंज के मध्य 7-7 ट्रिप स्पेशल ट्रेन इटारसी होकर चलेगी

**इटारसी, देशबन्धु।** प्रयागराज क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा के लिए 04121/ 04122 सूबेदारगंज-सिकंदराबाद-सूबेदारगंज साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलेगी, जो भोपाल मंडल के बीना, भोपाल, इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी।

04121 सूबेदारगंज-सिकंदराबाद साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 14 दिसंबर 2023 से 25 जनवरी 2024 तक 07 ट्रिप प्रति गुरुवार को सूबेदारगंज स्टेशन से 15.50 बजे प्रस्थान कर, 22.10 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचकर, 22.15 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से प्रस्थान कर, अगले दिन 00.20 बजे बीना पहुंचकर, 00.25 बजे बीना से प्रस्थान कर, 02.10 बजे भोपाल पहुंचकर, 02.20 बजे भोपाल से प्रस्थान कर, 04.00 बजे इटारसी पहुंचकर, 04.05 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, 20.00 बजे सिकंदराबाद स्टेशन पहुंचेगी। 04122 सिकंदराबाद-सूबेदारगंज साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 16 दिसंबर 2023 से 27 जनवरी 2024 तक 07 ट्रिप प्रति शनिवार को सिकंदराबाद स्टेशन से 04.30 बजे प्रस्थान कर, 19.45 बजे इटारसी पहुंचकर,19.50 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, 21.30 बजे भोपाल पहुंचकर, 21.40 बजे भोपाल से प्रस्थान कर, अगले दिन 00.20 बजे बीना पहुंचकर, 00.25 बजे बीना से प्रस्थान कर, 03.15 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचकर, 03.20 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से प्रस्थान कर, 10 बजे सूबेदारगंज स्टेशन पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल, पुखरायां, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, मन्चेरियाल, पेडापल्ली एवं काजीपेट स्टेशनों पर रुकेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 07 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 02 एसएलआर/डी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

### स्टेडियम की धीमा निर्माण गति से नगर पालिका अध्यक्ष नाराज

# मार्केट में बिगड़ी सफाई व्यवस्था पर अधिकारी-कर्मचारियों को लगाई फटकार





**इटारसी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के दौरान लगी आचार संहिता के बाद नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की सुस्त चाल व सफाई व्यवस्था खराब होने पर नाराजी जतायी। वे आज शहर के विभिन्न हिस्सों में निरीक्षण पर पहुंचे। उनके साथ इस दौरान सीएमओ रितु मेहरा, स्वच्छता विभाग प्रभारी उपयंत्री मंयक अरोरा साथ थे।

नपाध्यक्ष ने विशेष रूप से पुरानी इटारसी में वीर सावरकर स्टेडियम का निरीक्षण किया। यहां आचार संहिता के दौरान निर्माण के कछुआ चाल चलने पर नाराजगी जताई और गुणवत्ता को लेकर भी फटकार लगाई। ठेकेदार को साफ तौर पर कहा कि तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा हो जाना चाहिए, वे देरी बर्दाश्त नहीं करेंगे। यहां अभी स्टेयर, कक्ष व भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। मैदान 70 प्रतिशत बन गया है और बाउंड्रीवाल 100 प्रतिशत बन चुकी है।

### सब्जी बाजार व पार्किंग के लिए यह होगी व्यवस्था

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने स्थानीय नागरिकों व यहां सब्जी बाजार लगाने वाले दुकानदारों की मांग पर स्टेडियम के सामने की ओर कच्चे एरिया में सीमेंटीकरण करने के निर्देश सीएमओ रितु मेहरा को दिए हैं। यहां सप्ताह में दो दिन बाजार लगता है बाकी दिन यहां स्टेडियम की पार्किंग होगी। इसी तरह स्टेडियम के दोनों तरफ नाली निर्माण भी कराया जाएगा।

### कचरा डंपिंग के स्थान कवर्ड होंगे

नगरपालिका शहर में दो स्थानों पुलिस लाइन के पास पुरानी ओझा बस्ती व न्यास कॉलोनी जगदम्बा मैरिज गार्डन के साइड पर कचरा डंपिंग करके जिलवानी ट्रिंचिंग ग्राउंड पहुंचाती है। इन दोनों ही स्थानों को टीन लगाकर कवर्ड किया जाएगा। सामने से गेट होंगे। सीएमओ को इसका निर्माण कराने के लिए निर्देशित किया है।

### मार्केट में कचरा दिखा तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मार्केट एरिया के सफाई दरोगा और कर्मचारियों की बैठक नपा में बुलाई। सभी से कहा कि बाजार की सड़कों पर कचरा बहुत दिख रहा है, यह अब दिखाई नहीं देना चाहिए। यदि यह मुझे नजर आया तो उस एरिया के अधिकारी व कर्मचारी पर कार्रवाई करेंगे।

### इनका कहना है

आचार संहिता के दौरान प्रशासनिक कार्य, सफाई व्यवस्था सहित निर्माण कार्यों में सुस्ती की शिकायतें लगातार आ रही थीं। आज से सबकुछ पटरी पर आ जाए इसके लिए कार्य प्रारंभ किया है। वीर सावरकर खेल मैदान पर सीएमओ के साथ निरीक्षण किया था, यहां ठेकेदार को काम की गति बढ़ाने के साथ ही गुणवत्ता सुधारने, सब्जी बाजार के लिए सीमेंटीकरण व पानी निकासी के लिए दोनों तरफ नाली निर्माण के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मार्केट एरिया में सफाई व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को बुलाकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं रोड पर कचरा नजर आया तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**पंकज चौरे,** अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद इटारसी

# मात्र 15 आवेदन, जनसुनवाई के कम प्रचार प्रसार का दिखा असर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** 9 अक्टूबर को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई थी। जिसके चलते कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार आयोजित होने वाला जनसुनवाई कार्यक्रम आगामी आदेश तक स्थगित कर दी थी। अब लगभग 2 माह बाद शुरू हुई जनसुनवाई में प्रचार प्रसार की कमी होने से पर्याप्त संख्या में आवेदक नहीं पहुंच सके। जनसुनवाई में महज 15 आवेदनों पर सुनवाई हुई। जिसमें कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में नर्मदापुरम निवासी शैल शर्मा ने उनकी आवासीय भूखंड को व्यवसायिक भूमि में परिवर्तन किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। इसी प्रकार नर्मदापुरम निवासी कविता मेहरा ने आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन दिया। मालाखेड़ी निवासी लखन लाल वर्मा ने फसल नुकसानी के संबंध में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के संबंध में आवेदन दिया। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर अधिकारियों ने सुनवाई कर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन, सीएमओ नवनीत पांडे सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें




इंडियन बैंक Indian Bank

इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय, सिविल लाइंस, जबलपुर - 482001
Ph: 0761-2624977. Email: zojabalpur@indianbank.co.in

परिशिष्ट - IV-A {( नियम-8 ( 6 )} अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन )नियम, 2002 के नियम 8 ( 6 ) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम , 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। यह नोटिस आम जनता एवं उधारकर्ता ( ओं )/गारंटीकर्ता ( ओं ) के लिए नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो कि सुरक्षित लेनदार को गिरवी /चार्ज की गई है, जिसका कब्जा इंडियन बैंक शाखा द्वारा ले लिया गया है, सुरक्षित लेनदार द्वारा राशियों और देय ब्याज की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई नीलामी द्वारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। ई-नीलामी मोड के माध्यम से बिक्री के लिए लाई जाने वाली संपत्ति का विशिष्ट विवरण नीचे दिया गया है।

ई-निलामी की तिथि एवं समय: 22-12-2023 11.00 AM TO 4.00 PM

| क्र. | शाखा का नाम | खाते का नाम ऋणि का नाम/ प्रोप./निदेशक/पार्टनर गारंटर / गिरवी रखाने वाला | ई-निलामी हेतु संपत्ति का विस्तृत विवरण | बकाया राशि<br>सम्पत्ति पर अन्य ऋण भार<br>कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य<br>ई.एम.डी. राशि<br>बिड बढ़ाने राशि<br>ई-निलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Raipur Hoshangabad Branch | श्री सुनील कुमार सराठे और सरिता सराठे ( उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता ) | एक आवासीय मकान नं 03 क्षेत्रफल 360 वर्ग फीट अर्थात 35.45 वर्ग फीट प्लाट नंबर 137 से हटकर खसरा नंबर 60/1, मौजा सूलिया पर स्थित है, जिसे लोकप्रिय रूप से ''आशुतोष नगर'' के नाम से जाना जाता है, वार्ड नंबर 25 नया नंबर 22 पीसी नंबर 17 निपटान नंबर 270, नर्मदापुरम तहसील और जिला होशंगाबाद ( नर्मदापुरम ) म.प्र.<br>संपत्ति मालिक- सुनील कुमार सराठे और सरिता सराठे<br>सीमाएँ- उत्तर- सड़क, दक्षिण- शिव परिवार शंकर मंदिर का भूखंड, पूर्व - विक्रेता का क्षेत्र, पश्चिम- लालचंद यादव का घर | Rs. 10,30,702 /- (as on 07.11.2019) + interest and other expenses<br>ज्ञात नहीं<br>सांकेतिक कब्जा | Rs 15,84,000/-<br>Rs 1,60,000/-<br>Rs 10,000/- |
| 2. | Raipur Hoshangabad Branch | श्री कृष्ण कुमार एवं श्रीमती तन्वी सिंह ( उधार लेने वाला ) | एक आवासीय भूखंड क्षेत्र पूर्व से पश्चिम 27 फीट और उत्तर से दक्षिण 16 फीट कुल क्षेत्रफल 421 वर्ग फुट यानी 40.14 वर्ग मीटर डायवर्टेड खसरा नंबर 436/13, मौजा मालाखेड़ी में स्थित पी.सी. क्रमांक 17. वार्ड क्रमांक 10. होशंगाबाद, तहसील एवं जिला - होशंगाबाद<br>संपत्ति स्वामी- श्रीमती तन्वी सिंह पत्नी श्री कृष्ण कुमार सिंह निवासी बाबई रोड, तहसील एवं जिला होशंगाबाद।<br>सीमाएँ- उत्तर- दूसरों का घर, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- अन्य भूमि, पश्चिम- उबड़-खाबड़ सड़क। | Rs. 8,22,992 /- (as on 11.02.2020) + interest and other expenses<br>ज्ञात नहीं<br>सांकेतिक कब्जा | Rs 9,56,000/-<br>Rs 96,000/-<br>Rs 10,000/- |
| 3. | Raipur Hoshangabad Branch | श्री वीरेंद्र सराठे एवं सोनम सराठे ( उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता ) | एक आवासीय भूखंड क्षेत्र और उस पर निर्माण, पूर्व से पश्चिम 30 फीट उत्तर से दक्षिण 10 फीट कुल क्षेत्रफल 300 वर्ग फुट यानी 27.88 वर्ग मीटर डायवर्टेड खसरा नंबर 436/13 मौजा मालाखेड़ी स्थित पी.सी. क्रमांक 17 वार्ड क्रमांक 10 होशंगाबाद तहसील और जिला होशंगाबाद ( अब नर्मदापुरम )।<br>सीमाएँ- उत्तर- दूसरों का भूखंड, दक्षिण- संतोष कहार का भूखंड, पूर्व - कच्ची सड़क, पश्चिम- अन्य भूमि | Rs. 6,58,369 /- (as on 07.09.2019) + interest and other expenses<br>ज्ञात नहीं<br>सांकेतिक कब्जा | Rs 6,80,000/-<br>Rs 68,000/-<br>Rs 10,000/- |
| 4. | Raipur Hoshangabad Branch | श्री लाल चंद यादव ( उधार लेने वाला ) | एक आवासीय खुला डायवर्टेड प्लाट नं. 137, मकान नं. 02 क्षेत्रफल 360 वर्गफुट यानी 33.45 वर्ग मीटर डायवर्टेड खसरा नंबर 60/1. मौजा रसूलिया ( आशूतोष नगर कॉलोनी ), वार्ड नंबर 22 में स्थित है तहसील और जिला- होशंगाबाद ( म.प्र. )<br>सीमाएँ - उत्तर-10 फीट विक्रेता द्वारा छोड़ी गई चौड़ी सड़क, दक्षिण-महतो जी की खुला प्लाट, पूर्व- सुनील सराठे का घर पश्चिम- अन्य मार्ग | Rs. 11,18,690 /- (as on 28.03.2021) + interest and other expenses<br>ज्ञात नहीं<br>सांकेतिक कब्जा | Rs 15,84,000/-<br>Rs 1,60,000/-<br>Rs 10,000/- |

बोलीदाताओं को ऑनलाइन बोली में भाग लेने के लिए हमारे ई नीलामी सेवा प्रदाता एमएसटीसी लिमिटेड की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर जाने की सलाह दी जाती है। तकनीकी सहायता के लिए एमएसटीसी हेल्पडेस्क नंबर 033-22901004 पर कॉल करें और सर्विस प्रोवाइडर हेल्प डेस्क में उपलब्ध अन्य हेल्प लाइन नंबर। एमएसटीसी लिमिटेड के साथ पंजीकरण की स्थिति के लिए, कृपया ibapiop@mstcecommerce.com पर संपर्क करें और ईएमडी स्थिति के लिए कृपया ibapifin@mstcecommerce.com पर संपर्क करें। इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण, कृपया हेल्प लाइन नंबर 18001025026 और 011-41106131 पर संपर्क करें। ई-नीलामी के लिए प्लेटफाम : http://ibapi.in और www.mstcecommerce.com यह उक्त ऋण के उधारकर्ता( ओं )/जमानतदार( रों ) के लिए भी एक सूचना है, जो उक्त उल्लिखित तिथि पर इस बिक्री को आयोजित करने और अन्य विवरणों के बारे में है।

दिनांक : 06/12/2023 प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

कांग्रेस ने हार के कारणों पर किया मंथन

# ईवीएम में गड़बड़ी से लेकर भीतरघात तक की शिकायतें



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद कांग्रेस ने आज चुनाव परिणामों की समीक्षा की जिसमें हार के कारणों पर मंथन किया गया। जिसमें कुछ कारण चिंन्हित किए गए। पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की मौजूदगी में हुई इस बैठक में ईवीएम में गड़बड़ी से लेकर भीतरघात की शिकायतें तक को हार का कारण बताया गया। ये बात भी सामने आई कि कई सीटों पर कांग्रेस टिकट के दावेदार रहे नेताओं ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में काम नहीं किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए कमलनाथ ने कहा कि वर्ष 1977 में कांग्रेस इससे भी बुरी तरह से पराजित हुई थी, तब श्रीमती इंदिरा गांधी और संजय गांधी जैसे देश के शीर्ष नेता भी चुनाव हारे थे। पूरा माहौल कांग्रेस के खिलाफ लगता था, लेकिन सभी एकजुट हुए और मैदान में आए। 3 साल बाद हुए चुनाव में 3 सौ से अधिक सीटों के साथ इंदिरा गांधी ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में प्रत्याशियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि इसी तरह अब भी कांग्रेस को 4 महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है।

बैठक में जहां कांग्रेस बड़े अंतर से पराजित हुई है, वहां के कई प्रत्याशियों ने ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोप लगाए। उनका तर्क था कि वहां पर सौ से ज्यादा ईवीएम मशीनें मतगणना के समय 99 प्रतिशत तक चार्ज मिली, जबकि मतदान के दौरान 10 घंटे से ज्यादा इनका उपयोग हो चुका था। ऐसे मे ईवीएम बदले जाने का संदेह पैदा होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब डाक मतपत्र में कांग्रेस को प्रचण्ड बहुमत मिल रहा था तो मशीन में अचानक से कम हो जाना संदेह पैदा करता है। जिस पर कमलनाथ ने कहा कि ईवीएम को लेकर उन्हें बहुत सी शिकायतें मिली हैं। वह इस मुद्दे को दिल्ली में होन वाली बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने उठाएंगे।

बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अजय सिंह, डॉ. गोविंद सिंह, सज्जन सिंह वर्मा, कमलेश्वर पटेल, रामनिवास रावत, रामेश्वर नीखरा, औंकार मरकाम सहित कांग्रेस के सभी जीते हुए विधायक और प्रत्याशी उपस्थित थे।

### अलग-अलग मांगी रिपोर्ट

इस बैठक में कमलनाथ ने सभी अधिकृत प्रत्याशियों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में शामिल कांग्रेस के चुनाव में पराजित प्रत्याशियों से उन्होंने चुनाव को लेकर अलग-अलग 2 रिपोर्ट मांगी। जिसमें एक रिपोर्ट में चुनाव से संबंधित गड़बड़ी और दूसरी में संगठन की सक्रियता से संबंधित जानकारी तलब की गई है। कमलनाथ ने कहा कि सभी प्रत्याशी और विधायक अपने चुनाव की पूरी समीक्षा करें और अगले दस दिन के अंदर दो अलग-अलग रिपोर्ट भेजें। एक रिपोर्ट में चुनाव का विश्लेषण और दूसरी रिपोर्ट में संगठन की समीक्षा गुप्त रूप से भेजी जाए।

कमलनाथ का आरोप

### जिसे परिणाम पता था उसी ने बनवाया होगा एग्जिट पोल

पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने बिना किसी का नाम लिए आरोप लगाया कि एग्जिट पोल में भी यही परिणाम दिखाया गया था और जिसे पहले से परिणाम पता था, उन्हीं ने एग्जिट पोल बनवाया होगा। कमलनाथ ने बैठक से पहले मीडिया से कहा कि प्रत्याशियों से चर्चा की जा रही है।

पार्टी के हारे और जीते हुए, सभी उम्मीदवारों को बुलवाया गया है। उनसे चर्चा करके चुनाव परिणाम का विश्लेषण किया जाएगा। ईवीएम के संदर्भ में कमलनाथ ने कहा कि अभी वे सभी उम्मीदवारों की बात सुनकर इस संबंध में किसी निर्णय पर पहुंचेंगे। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि उन्हें कई विधायकों ने कहा कि उनके अपने गांव में उन्हें 50 वोट नहीं मिले, ऐसा कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल में भी कुछ इसी प्रकार का रिजल्ट दिखाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि एग्जिट पोल तो सिर्फ माहौल बनाने के लिए था। उन्होंने कहा कि वे जल्दी ही पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे और लोकसभा चुनाव की तैयारी में पूरी पार्टी जुट जाएगी।

### अटकलों के बीच जताई आस्था

कांग्रेस को प्रदेश में करारी हार मिलने के बाद से ही नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। इसी बीच बैठक में कमलनाथ के इस्तीफे तक की खबर चल निकली हैं। इन अटकलों के बीच बैठक में सभी प्रत्याशियों और विधायकों ने कमलनाथ के नेतृत्व में आस्था भी जताई है।

## ईवीएम पर बोले दिग्विजय, चिप वाली कोई भी मशीन की जा सकती है हैक

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्य की बहुत सी सीटों पर पार्टी को मिले डाक मतपत्रों की संख्या सार्वजनिक करते हुए कहा कि वे 2003 से ईवीएम का विरोध करते आ रहे हैं और उनका मानना है कि चिप वाली कोई भी मशीन हैक की जा सकती है। श्री सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ये आंकड़े पोस्ट किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा , 'डाक मतपत्रों के ज़रिए कांग्रेस को वोट देनेवाले और हम पर भरोसा जतानेवाले सभी मतदाताओं का धन्यवाद! तस्वीरों के आंकड़ों में एक प्रमाण है जो यह बताता है कि पोस्टल बैलेट के ज़रिए हमें यानी कांग्रेस को 199 सीटों पर बढ़त है। जबकि इनमें से अधिकांश सीटों पर ईवीएम काउंटिंग में हमें मतदाताओं का पूर्ण विश्वास न मिल सका। यह भी कहा जा सकता है कि जब तंत्र जीतता है तो जनता (यानी लोक) हार जाती है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों कर्मचारियों को दिए प्रशस्ति-पत्र, कहा-

# इतिहास में सामाजिक क्रांति के रूप में दर्ज होगी लाड़ली बहना योजना



**भोपाल, देशबन्धु।** लाड़ली बहना योजना की चर्चा सभी और है, यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई है, इतिहास में यह सामाजिक क्रांति के रूप में दर्ज होगी। योजना ने महिलाओं का आत्मविश्वास-आत्मसम्मान बढ़ाया है। महिलाओं के प्रति परिवारजन तथा समाज का व्यवहार एवं दृष्टिकोण बदला है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह बात आज लाड़ली बहना योजना के सुनियोजित क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को समत्व भवन में संबोधित किया और उन्हें प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किए।

श्री चौहान ने कहा कि शासकीय अमले ने कम समय में बाधारहित रूप से इतनी बड़ी योजना का जीरो डिफेक्ट के साथ क्रियान्वयन कर क्रांति की है, यह अद्भुत उपलब्धि है। टीम मध्यप्रदेश के कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। युद्ध स्तर पर कार्य कर मात्र 75 से 80 दिनों में 1 करोड़ 31 लाख बहनों को जोड़ना अधिकारी-कर्मचारियों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला शक्तिकरण की प्रक्रिया लाड़ली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन से आरंभ हुई। हमने तय किया था कि प्रदेश में जन्म लेने वाली हर बेटी लखपति होगी। इस सोच से ही लाड़ली लक्ष्मी योजना आरंभ हुई, अब प्रदेश में 46 लाख लाड़ली लक्ष्मियां हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उन्हें स्थानीय निकायों और सेवाओं में आरक्षण दिया गया। महिलाओं के नाम रजिस्ट्री में स्टाम्प शुल्क में छूट, बेटा-बेटी के जन्म से पहले और जन्म के बाद आर्थिक सहायता दी जाने वाली योजनाएं क्रियान्वित की गईं।

उन्होंने कहा कि बैगा, भारिया और सहरिया समुदाय की महिलाओं को एक हजार रूपए की आर्थिक सहायता वर्ष 2017 से आरंभ की गई थी। इस योजना की प्रभावशीलता के अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि आर्थिक सहायता से बच्चों के कुपोषण स्तर में सुधार हुआ है। परिणामस्वरूप यह विचार आया कि सभी जरूरतमंद महिलाओं को सहायता उपलब्ध कराने से उनके जीवन स्तर में सुधार होगा और महिलाओं का सम्मान भी बढ़ेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी तथा अधिकारी उपस्थित थे।

## शिवराज को लाडली बहनों ने कराया भोजन



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आज नया बसेरा कोटरा भोपाल में लाडली बहनों ने भोजन कराया। मुख्यमंत्री चौहान के कोटरा स्थित नया बसेरा में पहुँचने पर लाड़ली बहनों ने स्वागत भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बहनों के बीच बैठकर सस्नेह भोजन किया। उन्होंने लाड़ली बहनों और उपस्थित जन-समुदाय से भेंट की। उन्होंने विभिन्न समस्याओं को हल करने का आश्वासन भी दिया।

## दिग्विजय से सिंगार ने मांगी माफी





**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के आदिवासी नेता उमंग सिंघार ने पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह से भी अपने पूर्व में दिए बयान को लेकर माफी मांग ली है। यह पोस्ट उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट डाली है, जिसमें कमलनाथ एवं दिग्विजय सिंह के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता मज़बूती से चुनाव लड़ा। हम सब संगठित हैं, एक हैं एवं भविष्य की लड़ाई के लिए तैयार हैं । साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा की मेरे पूर्व के किसी भी दिग्विजय सिंह के सम्मान में कोई भी ठेस पहुंची हो तो उसके लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूं।

उन्होंने इस ट्वीट को दिल्ली भी कमलनाथ, दिग्विजय सिंह ,एमपी कांग्रेस और दिल्ली हाईकमान को भी टैग किया है।वहीं सिंघार का यह पोस्ट भी ऐसे समय पर आया है, जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष्ज्ञ कमलनाथ ने आज मंगलवार को भोपाल में विधायक दल की बैठक बुलाई है, जिसमें कांग्रेस की हार पर मंथन होगा। वही नेता प्रतिपक्ष और पीसीसी चीफ के बदलने की भी अटकलें तेज है। खबर है कि हार के बाद हाई कमान ने कमलनाथ से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से से इस्तीफा मांगा है।

मालूम हो कि उमंग सिंघार ने तत्कालीन कमलनाथ सरकार के समय दिग्विजय सिंह पर पर्दे के पीछे से सरकार चलाने का आरोप लगाया था।

## राजभवन के सामने अपना मुंह काला करेंगे बरैया

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया ने कहा कि वह राजभवन के सामने अपना मुंह काला करेंगे। यह ऐलान करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपने वादे से पीछे हटने वाला नहीं हूं और 7 दिसम्बर का दापेहर को दोपहर 2 बजे राजभवन के सामने अपने हाथों से मुंह काला करेंगे। उन्होंने इससे आगे बढ़ते हुए कहा कि मुंह काला करना तो छोडिये यदि जरुरत पड़ी तो लहू से भी मुंह लाल कर लेंगे, पीछे नहीं हटेंगे। आपको बता दें की फूलसिंह बरैया इस चुनाव में दतिया जिले की भांडेर सीट से चुनकर आए हैं उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को पराजित दी है।

श्री बरैया ने प्रचार के समय दावा किया था कि भाजपा 50 से ज्यादा सीट इस बार नहीं जीत पाएगी और यदि ऐसा हुआ तो वे राजभवन के सामने अपने हाथ से स्वयं का मुंह काला कर लेंगे ।

दरअसल अब भाजपा ने प्रचंड बहुत हासिल करते हुए 163 सीटें जीत ली हैं, जिसके बाद बरैया पर झूठा दावा करने का आरोप लगाते हुए लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। उनका पुरानी वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर उनसे पूछने लगे कि आखिर वह कब वह अपना मुंह काला करेंगे। जिसके जवाब में कांग्रेस विधायक बरैया ने आज यह ऐलान किया। श्री बरैया आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए आए थे।

## नवनिर्वाचित सदस्य विधानसभा पहुंचे, प्रमुख सचिव से की चर्चा

- विस की सुविधाओं के बारे में जाना
- मैहर के भाजपा विधायक श्रीकांत सबसे पहले पहुंचे



**भोपाल, देशबन्धु।** सोलहवीं विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों का आज विधानसभा में पहुंचना प्रारंभ हो गया है। विधान सभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने यहां आने वाले निर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया गया। सदस्यों द्वारा प्रमुख सचिव से जानकारी के लिए अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। नवनिर्वाचित सदस्यों में सर्वप्रथम आने वालों में मैहर विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य भाजपा के श्रीकांत चतुर्वेदी रहे।

श्री सिंह ने विधानसभा सचिवालय द्वारा सदस्यों के लिए बनाए गए स्वागत कक्ष का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। विधानसभा में आए सदस्यों ने सचिवालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं की प्रशंसा की तथा सदस्यों ने अपने निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए। इसके बाद उन्हें विधानसभा की ओर साहित्य और रेलवे कूपन दिए। वहीं परिचय पत्र के लिए फोटो खिंचवाए और ब्लड ग्रुप के लिए मेडिकल चेकअप कराया और सचिवालय द्वारा सदस्यों के डिजिटल हस्ताक्षर भी लिए जा रहे हैं।

आज सुबह 11 बजे से आगंतुक सदस्यों में श्रीकांत चतुर्वेदी, धर्मेंद्र लोधी, प्रहलाद लोधी, श्रीमती प्रतिमा बागरी, मथुरालाल डामर, श्रीमती मंजू राजेंद्र दादु, बृज बिहारी पटेरिया, सतीश मालवीय, महेंद्र नागेश, हजारीलाल दांगी, श्रीमती अर्चना चिटनीस, श्रीमती चंदा गौर, दिनेश जैन बॉस, महेश परमार, अभिजीत शाह, प्रीतम सिंह लोधी, श्रीमती उमा देवी खटीक, राजकुमार मेव, केदार डाबर, भैरोंसिंह बापू, श्रीमती निर्मला सप्रे, योगेंद्र सिंह,डॉ. रामकिशोर दोगने, ओमकार सिंह मरकाम, रामसिया भारती, केशव देसाई, साहब सिंह गुर्जर, गौतम टेटवाल, सुनील उइके, सुरेश राजे,विवेक विक्की पटेल, श्रीमती झूमा सोलंकी, अरुण भीमावद कैलाश कुशवाहा, फूलसिंह बरैया, दिनेश गुर्जर, देवेंद्र सखवार, चैन सिंह बरकड़े, नारायण सिंह पट्टा, राजेन्द्र मंडलोई, लखन घनघोरिया एवं सिद्धार्थ कुशवाहा और अभय मिश्रा सहित तक कुल 43 सदस्य विधानसभा पहुंचे। जिसमें भाजपा के 26 और कांग्रेस के 17 सदस्य शामिल हैं।

जानें कैसी होगी नई विधानसभा

# नए विधायकों में 89 प्रतिशत करोड़पति, अमीर-बुजुर्ग दोनों सूची में कमलनाथ





**भोपाल, देशबन्धु।** नई विधानसभा के 89 फीसदी (कुल 205) सदस्य करोड़पति होंगे। प्रत्येक विजेता उम्मीदवार की औसत संपत्ति 11.77 करोड़ रुपये है। करोड़पति विजेताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। 2018 में जीते 90 में से 68 (76 फीसदी) उम्मीदवार करोड़पति थे। जो अब बढ़कर 72 (80 फीसदी) हो गए हैं। करोड़पति उम्मीदवारों के जीतने का प्रतिशत 2018 के मुकाबले बढ़ा है। 2018 में 81 फीसदी विजेता करोड़पति थे, जो अब बढ़कर 89 फीसदी हो गए हैं।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। 230 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को सबसे ज्यादा 163 सीटें मिलीं हैं। इसके साथ राज्य में भाजपा सरकार बनना तय हो गया है। वहीं, कांग्रेस के खाते में 66 सीटें गई हैं। एक सीट भारत आदिवासी पार्टी के खाते में गई है। चुनाव जीतने वाले सभी 230 उम्मीदवारों के हलफनामे का विश्लेषण एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने किया है। एडीआर के मुताबिक 230 में से 90 (39 फीसदी) नव निर्वाचित विधायकों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। 2018 के मुकाबले दागी उम्मीदवारों की संख्या में कमी आई है। 2018 में जीते उम्मीदवारों में से 94 पर आपराधिक मामले दर्ज थे। गंभीर धाराओं में मामले दर्ज होने की बात करें तो 90 में से 34 नवनिर्वाचित विधायकों पर गंभीर धाराओं में मुकदमे चल रहे हैं। 2018 के विजेताओं में इस तरह के 47 उम्मीदवार थे। नई विधानसभा के 89 फीसदी (कुल 205) सदस्य करोड़पति होंगे। प्रत्येक विजेता उम्मीदवार की औसत संपत्ति 11.77 करोड़ रुपये है। करोड़पति विजेताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। 2018 में जीते 90 में से 68 (76 फीसदी) उम्मीदवार करोड़पति थे। जो अब बढ़कर 72 (80 फीसदी) हो गए हैं। करोड़पति उम्मीदवारों के जीतने का प्रतिशत 2018 के मुकाबले बढ़ा है। 2018 में 81 फीसदी विजेता करोड़पति थे, जो अब बढ़कर 89 फीसदी हो गए हैं।

### किस पार्टी से कितने दागी जीते?

भाजपा के 163 नवनिर्वाचित विधायकों में से 51 पर (31 फीसदी) आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं। इसी तरह कांग्रेस के 66 नवनिर्वाचित विधायकों में से 38 (58 फीसदी) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। भारत आदिवासी पार्टी के विधायक पर भी आपराधिक मामला दर्ज है। भाजपा के 16 तो कांग्रेस के 17 नवनिर्वाचित विधायकों ने खुद पर गंभीर धाराओं में आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। भारत आदिवासी पार्टी के विधायक पर भी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है।

### किस पार्टी के कितने करोड़पति जीते?

नई विधानसभा के 205 नवनिर्वाचित विधायक करोड़पति हैं। भाजपा के 163 विधायकों में से करोड़पति विधायकों की संख्या 144 (82 फीसदी) है। वहीं, कांग्रेस के 92 फीसदी नवनिर्वाचित विधायक करोड़पति हैं। पार्टी के 66 विजेताओं में करोड़पतियों की संख्या 61 है। कांग्रेस के सिर्फ पांच विजेता ऐसे हैं जिनके पास एक करोड़ रुपये से कम की संपत्ति है। 44 फीसदी यानी 102 विजेता उम्मीदवारों ने अपने पास पांच करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। 71 (31 फीसदी) विजेता उम्मीदवारों के पास दो से पांच करोड़ रुपये की संपत्ति है। 48 (21 फीसदी) विजेताओं के पास 50 लाख से दो करोड़ रुपये तक की संपत्ति है। महज नौ विजेता उम्मीदवार ऐसे हैं जिनके पास 50 लाख रुपये से भी कम की संपत्ति है।

### सबसे अमीर विधायक कौन हैं?

रतलाम शहर विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर जीते चैतन्य कश्यप नई विधानसभा के सबसे अमीर विधायक होंगे। चैतन्य 2018 में भी जीते थे। तब वह दूसरे सबसे अमीर विजेता थे। चैतन्य ने इस बार अपनी कुल संपत्ति 296.08 करोड़ रुपये बताई है। पिछली विधानसभा में सबसे अमीर विधायक रहे संजय पाठक नई विधानसभा के दूसरे सबसे अमीर विधायक होंगे। कटनी जिले की विजयराघवगढ़ सीट से भाजपा के टिकट पर जीते पाठक के पास 142.09 करोड़ रुपये की संपत्ति है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ नई विधानसभा के तीसरे सबसे अमीर विधायक होंगे। छिंदवाड़ा सीट से जीते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के पास 134.24 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति है। इन तीन नवनिर्वाचित विधायकों के अलावा किसी अन्य विधायक के पास 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति नहीं है।

### इन विजेताओं के पास सबसे कम सपत्ति?

रतलाम जिले की सैलाना सीट से भारत आदिवासी पार्टी के टिकट पर जीते कमलेश्वर डोडियार नई विधानसभा के सबसे कम संपत्ति वाले विधायक होंगे। कमलेश्वर के पास कुल 18.32 लाख की संपत्ति है। जबलपुर जिले की सिहोरा सीट से जीते भाजपा के संतोष वरकड़े और खंडवा से जीते भाजपा की ही कंचन तनवे इस सूची में दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। संतोष के पास कुल 25.83 लाख तो कंचन के पास 26.93 लाख रुपये की कुल संपत्ति है।

### कितने पढ़े-लिखे हैं नए विधायक


64 (28 फीसदी) विजेताओं ने अपनी अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं से 12वीं के बीच है। वहीं, 161 (70 फीसदी) विजेता ऐसे हैं जो स्नातक या उससे अधिक पढ़े-लिखे हैं। दो विजेता सिर्फ साक्षर हैं, वहीं तीन डिप्लोमाधारी हैं। दो विजेता 5वीं पास हैं। पांच ने 8वीं तक की पढ़ाई की है। 14 विजेता ऐसे हैं जिन्होंने ने 10वीं तक की शिक्षा ली है। इसी तरह 43 ने 12वीं, 49 ने स्नातक, 35 ने पेशेवर स्नातक और 70 ने परास्नातक की डिग्री ली है। सात विजेताओं ने पीएचडी कर रखी है।

पार्टी वार बात करें तो भाजपा के 163 विजेताओं में एक साक्षर, दो 5वीं पास, चार 8वीं पास, 10 विजेता10वीं पास और 31 विजेता 12वीं पास हैं। इसी तरह 38 के पास स्नातक, 24 के पास स्नातक पेशेवर, 47 के पास स्नाकोत्तर डिग्री है। चार ने पीएचडी और दो ने डिप्लोमा किया है। कांग्रेस के 66 विजेताओं में से एक साक्षर, एक आठवीं पास, चार 10वीं पास और 12 विजेता 12वीं पास हैं। 11 विजेताओं ने स्नातक, 10 ने पेशेवर स्नातक और 23 ने स्नाकोत्तर किया है। तीन विजेताओं ने पीएचडी और एक ने डिप्लोमा कर रखा है।

## अभिजीत सबसे युवा, दोनों नागेन्द्र 80 के







18 नवनिर्वाचित विधायक 31 से 40 वर्ष की उम्र के हैं। 53 नवनिर्वाचित विधायकों की उम्र 41 से 50 साल के बीच है। वहीं, 86 की उम्र 51 से 60 तो 57 की उम्र 61 से 70 साल के बीच है। 16 सबसे उम्रदराज विधायकों की उम्र 71 से 80 साल के बीच है। टिमरनी सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीते अभिजीत शाह नई विधानसभा के सबसे युवा विधायक होंगे। 31 साल के अभिजीत ने यहां अपने चाचा और भाजपा के कद्दावर नेता संजय शाह को महज 950 वोट से हराया। चाचौड़ा विधानसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह को हराने वाले प्रियंका पेंची नई विधानसभा की दूसरी सबसे युवा विधायक होंगी। प्रियंका की उम्र महज 32 साल है। शहडोल जिले की ब्योहारी सीट पर भाजपा के टिकट पर जीते शरद जुगल कोल भी तीन सबसे युवा विधायकों में शामिल होंगे।

सबसे उम्रदराज विधायकों की बात करें तो दो सबसे उम्रदराज विधायकों की उम्र और नाम दोनों एक ही है। दोनों 80 साल के हैं। दोनों भाजपा के टिकट पर जीते हैं। एक रीवा की गुढ़ सीट से जीते नागेंद्र सिंह और दूसरे सतना की नागौद सीट से जीते नागेंद्र सिंह हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ नई विधानसभा के तीसरे सबसे उम्रदराज विधायक होंगे। 76 साल के कमलनाथ अपनी परंपरागत छिंदवाड़ा सीट से जीते हैं। दमोह सीट से भाजपा के टिकट पर जीते पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया भी 76 साल के हैं। 75 साल या उससे अधिक उम्र के नवनिर्वाचित विधायकों की लिस्ट में एक और नाम जगन्नाथ सिंह रघुवंशी का है। रघुवंशी अशोकनगर जिले की चंदेरी सीट से भाजपा के टिकट पर जीते हैं। 230 नवनिर्वाचित विधायकों में से 203 पुरुष और 27 (12 फीसदी) महिलाएं हैं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।